दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 290
कोटद्वार सोमवार
27 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को किया गिरफ्तार

### आठ घंटे की पूछताछ के बाद हुई गिरफ्तारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने 8 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया है। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने आज पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने काफी सुरक्षा इंतजाम कर रखे हैं। वहीं, आप के कई नेता इस पूरे वाकये को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान मनीष सिसोदिया के घर उनके परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे हैं।

दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के लाखों बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को भाजपा की सीबीआई ने फर्जी केस में गिरफ्तार किया। यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

दिल्ली के लाखों बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षा मंत्री /उपेवकपं जी को ठश्रच की ब्छ ने फर्जी केस में गिरफ्तार किया। यह लोकतंत्र के लिए काला दिन है।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि मनीष बेकसूर हैं। उनकी गिरफ्तारी गंदी राजनीति है। मनीष की गिरफ्तारी से लोगों में बहुत रोष है। लोग सब देख रहे हैं। लोगों को सब समझ आ रहा है। लोग इसका जवाब देंगे।

मनीष बेकसूर हैं। उनकी गिरफ्तारी गंदी राजनीति है। मनीष की गिरफ्तारी से लोगों में बहुत रोष है। लोग सब देख रहे हैं। लोगों को सब समझ आ रहा है। लोग इसका जवाब देंगे। इस से हमारे हौसले और बढ़ेंगे। हमारा संघर्ष और मजबूत होगा। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आप नेताओं की लगातार प्रतिक्रिया आ रही है। आप आदमी पार्टी के नेता अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर राघव चड्ढा ने कहा कि जेल के ताले टूटेंगे, मनीष सिसोदिया टूटेंगे। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा के कहने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। भाजपा एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें मनीष सिसोदिया और केजरीवाल से डर लगता है। भाजपा आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। मनीष सिसोदिया ने गरीब बच्चों का भविष्य सुधारा है। सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री को फर्जी केस में फंसाकर गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को कल मेडिकल करवाने के बाद दिल्ली रउज एवन्यू में सीबीआई जज एम के नागपाल की कोर्ट में किया जाएगा। सीबीआई सूत्र के मुताबिक, अभिषेक मनु सिंघवी मनीष सिसोदिया के तरफ से वकील हो सकते हैं। सीबीआई सूत्र के मुताबिक, मनीष सिसोदिया पर लगे आरोप के मसले पर पूटे गए सवालों का जवाब नहीं देने और जांच एजेंसी को पूछताछ की प्रक्रिया में सहयोग नहीं करने पर मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई है। सीबीआई द्वारा इस मामले में मनीष सिसोदिया से कई सबूतों और गवाहों के दर्ज बयानों के बारे में पूछताछ की जा रही थी।

दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आखिरकार, 8 घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई ने आप के कट्टर भ्रष्टाचारी मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल याद रखना एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। घोटालों में लिप्त केजरीवाल सरकार की असलियत जनता के सामने है। भ्रष्टाचारी आप का पतन निश्चित है। आखरिकार, 8 घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई ने कट्टर भ्रष्टाचारी मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल याद रखना एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। घोटालों में लिप्त केजरीवाल सरकार की असलियत जनता के सामने है। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी तानाशाही की इंतेहा है। आपने एक नेक इंसान और सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री को गिरफ्तार करके अच्छा नहीं किया, भगवान भी आपको माफ नहीं करेगा। एक दिन आपकी तानाशाही का अंत जरूर होगा मोदी जी। आपने एक नेक इंसान और सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री को गिरफ्तार करके अच्छा नही किया मोदी जी, भगवान भी आपको माफ नही करेगा। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने ट्वीट कर लिखा, यह लोकतंत्र के लिए काला दिन। पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करने वाली आप कार्यकर्ता ने कहा कि मैं अपने शब्द वापस नहीं लूंगी और कभी माफी नहीं मांगूंगी। जब ये लोग अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बोलते हैं तो कोई नहीं देखता। वह हमारे सीएम और अगले प्रधानमंत्री हैं।फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन से आम आदमी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को छोड़ने के लिए तमाम औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।

बता दें कि साउथ दिल्ली पुलिस के द्वारा कुल 50 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिसमें 42 पुरुष और आठ महिलाएं शामिल थीं।आप नेता संजय सिंह ने पीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी जी आपके जुर्म हमारे हौसले कम नहीं कर सकते। मनीष सिसोदिया दिल्ली के लाखों बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहे हैं आपके मित्र अडानी लाखों करोड़ का घोटाला कर रहे हैं। हिम्मत है तो अडानी पर कार्रवाई करके दिखाओ।

## नेवादा में विमान हादसा, मेडिकल फ्लाइट क्रैश होने से मरीज समेत 5 लोगों की मौत

**वशिंगटन (एजेंसी),।** अमेरिका के प्रांत नेवादा के उत्तरी हिस्से के एक पहाड़ी इलाके में मेडिकल फ्लाट के क्रैश हो जाने से 5 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तरी नेवादा के एक पहाड़ी इलाके में देर रात एक विमान दुर्घटना में मरीज समेत एक मेडिकल ट्रांसपोर्ट फ्लाइट में सवार थे। इन सभी पांच लोगों की मौत हो गई। ल्योन काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने कहा कि अधिकारियों को स्टेजकोच, नेवादा के पास यह हादसा रात करीब 9रू15 बजे हुआ। घटना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। दो घंटे बाद मलबा मिला।

ल्योन काउंटी शेरिफ कार्यालय के एक बयान के अनुसार, ल्योन काउंटी डिस्पैच सेंटर को रेनो से लगभग 45 मील पूर्व में स्टेजकोच, नेवादा के पास एक संभावित विमान दुर्घटना के संबंध में कई कल प्राप्त होने लगीं। रेनो, नेवादा में मुख्यालय वाली आरईएमएसए हेल्थ की एक सेवा केयर फ्लाइट और उटाह में मुख्यालय वाली गार्जियन फ्लाइट ने दुर्घटना के बाद एक बयान में पुष्टि की कि एक पीसी 12 फिक्स्ड विंग विमान, टेल नंबर ह273स्रू, स्टेजकोच, नेवादा के पास राडार से गायब हो गया। बाद में पता चला कि वह क्रैश हो गया। दो घंटे बाद उसका मलबा मिल पाया।

## अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाना मुख्य चिंता: जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर जी-20 देशों की जिम्मेदारी पर बात की। इस दौरान उन्होंने लीकेज की समस्या के बहाने कांग्रेस पार्टी पर भी तंज कसा। उन्होंने मजाकिया लहजे में लीकेज के उनका मतलब भी बताया।

भारत की एक साल की जी20 की अध्यक्षता पर हैदराबाद में अपने संबोधन के दौरान मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आपको लीकेज के बारे में पता है। लीकेज से मतलब है कि जब दिल्ली से 10 रुपये जाता है और सिर्फ एक रुपये ही पहुंचता है। उन्होंने कहा कि कई देशों में यह समस्या है, लेकिन हमने इससे निपटने का काम किया है। कई देश हमारी तरफ देख भी रहे हैं कि कैसे हमने इससे निपटा है। मैं उनसे यह कहना चाहूंगा कि सबसे पहले हमने सत्ता में दूसरी पार्टी को बैठाकर इस समस्या ने निजात पाई। इसके तकनीक की मदद से भी इससे निपटा गया।



इसके अलावा जयशंकर ने कहा कि जी20 की मुख्य चिंता वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाने के तरीके खोजने की होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने उपभोक्ताओं को पेट्रोल मूल्य वृद्धि से यथासंभव राहत देने की कोशिश की है। सरकार ने महंगाई कम करने के कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया यह सबक सीख गई है कि सुरक्षा का मतलब केवल भौतिक या आर्थिक सुरक्षा नहीं है। इसका अर्थ स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा भी है। इसलिए हमें वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाने के तरीके खोजने होंगे। इस साल जी20 के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री स्तर के सम्मेलनों के अलावा 15 मंत्री स्तरीय बैठकें भी होंगी।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाला है। इस तरह की नाराजगी की भावना है कि विकसित देशों ने महामारी के दौरान खुद के बारे में ही सोचा। जयशंकर ने कहा कि भारत को छोड़कर कुछ ही देशों ने बाकी दुनिया के बारे में सोचा।

विदेश मंत्री ने कहा कि 26/11 में हमने कैसी प्रतिक्रिया दी।

## खून के आखिरी कतरे तक सोनिया रहेंगीं सक्रिय, राजनीति से संन्यास की अटकलों को कांग्रेस ने किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीति से संन्यास की अटकलों पर पार्टी आलाकमान ने पूर्ण विराम लगा दिया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ऐसी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सोनिया गांधी के राजनीति से संन्यास की खबरें भ्रामक हैं। यह गोदी मीडिया का एक स्टंट है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सोनिया जी खून के आखिरी कतरे तक कांग्रेस के लिए सक्रिय रहेंगीं। वह युवाओं को मौका दे रही हैं। सोनिया जी 2024 तक लोकसभा सांसद हैं। संसद में पार्टी की नेता हैं और संविधान संशोधन के बाद आजीवन कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य बनी रहेंगी। सोनिया जी ने भाषण में जो कहा वो बतौर अध्यक्ष 1998 से लेकर 2022 तक अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के लिए बोलीं हैं।

उनके कार्यकाल में आखिरी बड़ा इवेंट कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा रहा।

## पूरन की कला की चर्चा से बागेश्वर का नाम रोशन, बोले पीएम- उत्तराखंड की लोक विधा में फूंकी नई जान

**बागेश्वर।** बागेश्वर के दृष्टि बाधित लोक विधा के जानकार पूरन सिंह राठौर का नाम रविवार को राष्ट्रीय फलक पर छा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार विजेता पूरन सिंह राठौर की कला का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड की लोक विधा में नई जान फूंकी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरन ने उत्तराखंड की लोक विधा जागर, न्योली, हुड़काबौल के साथ ही राजुला मालूशाही लोक गाथा के गायन में महारत हासिल की है। उन्होंने उत्तराखंड के लोक संगीत में कई पुरस्कार जीते हैं। पीएम ने लोगों से अपील की कि उनके (राठौर) के बारे में जरूर पढ़ें।

पूरन सिंह राठौर (39) बागेश्वर जिले के रीमा के रहने वाले हैं। जन्म से ही दृष्टि बाधित पूरन की लोक कला के दीवानों की कमी नहीं है।

## बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब में हुई बर्फबारी

**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। चमोली जनपद में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई।

जोशीमठ नगर में भी हल्की बारिश होने से मौसम में ठंडक आ गई है। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी सहित नीती और माणा घाटियों में बर्फबारी हुई। गोपेश्वर में देर शाम तेज आंधी-तूफान होने से लोग अपने घरों में दुबके रहे।

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और उत्तर पूर्वी हवाओं के दबाव के चलते एक बार फिर 27 फरवरी से एक मार्च तक मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। तीन दिन जहां मैदानों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर जैसे जिलों में बारिश के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी देखने को मिलेगी।



मौसम वैज्ञानिकों ने कहीं-कही बिजली गिरने की संभावना भी जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम के बदले मिजाज के चलते तापमान में कमी होने की संभावना है।

मुनस्यारी के कालामुनि में बर्फबारी के कारण पर्यटकों के तीन वाहन फंस गए हैं। सूचना के बाद प्रशासन पर्यटकों को रेस्क्यू करने में जुट गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को कुछ पर्यटक तीन वाहनों से मुनस्यारी सैर सपाटे के लिए आ रहे थे। इस दौरान मुनस्यारी से 15 किमी पहले कालामुनि में तीन इंच बर्फबारी होने के कारण पर्यटकों के वाहन वहां फंस गए। पर्यटकों ने वाहनों को निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन वाहन बर्फबारी के चलते रपटने लगे। इसके बाद उन्होंने वाहनों को निकालने की कोशिश नहीं की। स्थानीय लोगों ने पर्यटकों के वाहन फंसे होने की सूचना तहसील प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन की टीम पर्यटकों को निकालने के लिए मशीनों के साथ मौके के लिए रवाना हो गई है। खलिया में चार इंच बर्फबारी हुई है।

25 मार्च से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ को साफ करने का कार्य जोरों पर चल रहा है। कार्यदायी संस्था जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण-लोनिवि द्वारा बर्फ साफ करने के लिए तीन टीमें गठित की गईं हैं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों पर लगाया गया है।

कार्यदायी संस्था डीडीएमए-लोनिवि के अधिशासी अभियंता प्रवीण कर्णवाल ने बताया कि मार्च पहले सप्ताह तक बर्फ साफ करते हुए केदारनाथ तक रास्ता खोल दिया जाएगा। इसके बाद केदारनाथ में मंदिर मार्ग, मंदिर परिसर सहित पुनर्निर्माण कार्य स्थलों में जमा बर्फ को प्राथमिकता से साफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मार्च तक गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर सभी कार्य पूरे कर आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

### बर्फ हटाने रुद्रा प्वाइंट पहुंची टीम

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा तैयारियों को लेकर लगातार पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम जारी है। एचनएच लोनिवि द्वारा तीन टीमें बनाकर पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का काम जारी है। बर्फ हटाने वाली टीम रुद्रा प्वाइंट के करीब पहुंच गई है। केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन के लिए यात्रा से जुड़े विभाग अपनी तैयारियों में जुटे हैं। सबसे बड़ी चुनौती बर्फ हटाने की ही है। हालांकि डीडीएमए की टीम बर्फ हटाते हुए आगे बढ़ रही है। 60 मजूदरों की टीम त्वरित गति से पैदल मार्ग को साफ कर रही है। डीडीएमए के अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। तीन टीमें यात्रा मार्ग के अलग-अलग स्थानों से बर्फ हटाने के काम में जुटी है। इधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों व श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वारा रामबाड़ा तक स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग में जंगलचट्टी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए एमआरपी में रंग रोगन एवं मरम्मत का कार्य चल रहा है।

## गोइंदवाल साहिब जेल में भिड़े मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी, गैंगस्टर मनदीप तूफान समेत दो की हत्या

**तरनतारन (पंजाब), एजेंसी।** पंजाब में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल है। रविवार को तरनतारन स्थित गोइंदवाल साहिब केंद्रीय जेल में गैंगवार हो गई। इस गैंगवार में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह की मौत हो गई। वहीं बठिंडा निवासी केशव गंभीर रूप से घायल है। तीनों के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। गैंगवार के बाद घायलों को कड़ी सुरक्षा में तरनतारन के सिविल अस्पताल लाया गया। चिकित्सा अधिकारी ड. जगजीत सिंह ने कहा कि जेल से लाए गए तीन घायलों में से दो की पहले ही मौत हो चुकी थी। तीसरे की हालत गंभीर होने पर उसे भारी सुरक्षा के बीच अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल रेफर कर दिया गया है।डीएसपी (सिटी) जसपाल सिंह ढिल्लों, थाना सिटी तरनतारन के ड्यूटी आफिसर विपन कुमार, थाना गोइंदवाल साहिब के ड्यूटी आफिसर प्रेम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारी ग्राम चौपाल एवं तहसील दिवस का नियमित आयोजन करें: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी गांवों में जाकर चौपाल लगायें। समय-समय पर अधिकारियां रात्रि चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुनें और उनका मौके पर निदान करें। तहसील दिवसों का रोस्टर बनाकर नियमित आयोजन किया जाए। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जन को लाभ मिले, इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलक्ट्रेट सभागार टिहरी में जनपद के अधिकारियों की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टिहरी जनपद में जी-20 की जिन दो बैठकों का आयोजन होना है। उस दौरान हम अपनी सांस्तिक विरासत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों एवं विशिष्ट कार्यों में से क्या प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं, इसकी पूरी तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को वैश्विक पटल पर लाने का यह हमारे पास सुनहरा मौका है। अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा अवसर है। लोकल टू ग्लोबल की दिशा में हम क्या कर सकते है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसके लिए जनपद स्तर पर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किये जाए। 2024 तक राज्य को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि, सड़कों की खराब स्थिति पर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कारवाई की जायेगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर जनपद टिहरी के आदि शक्ति धाम मोमेंटो का अनावरण किया। मिशन शतक के तहत मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## पुलवामा में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या, इस आतंकी संगठन ने ली जिम्मेदारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकवादियों ने एक नागरिक की हत्या कर दी। पुलिस ने नागरिक की पहचान अचन गांव के काशीनाथ पंडित के बेटे संजय पंडित के रूप में की है। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है।

संजय को उसके गांव में आतंकवादियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों के चलते उसकी मौत हो गई। वह एक बैंक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। पुलिस ने कहा, इलाके को तलाशी के लिए घेर लिया गया है।

## सुब्रमण्यम स्वामी ने किया हरकी पैड़ी पर करिडोर बनाने का विरोध

**हरिद्वार ।** पूर्व कानून मंत्री ड. सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, काशी विश्वनाथ करिडोर की तर्ज पर हरकी पैड़ी को करिडोर के रूप में विकसित करने का कोई औचित्य नहीं है। अच्छी सड़कें बनें इतना ही बहुत है। उन्होंने विधानसभा के 228 कर्मियों को बर्खास्त करने के फैसले को गलत करार देते हुए आर्टिकल 14 का उल्लंघन बताया और सीएम से कर्मियों को बहाल करने की मांग की।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को ले जाने की बात भी कही। रविवार को हरिद्वार स्थित अटल बिहारी राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा, करिडोर बनाने की जानकारी संज्ञान में आई है। करिडोर बनाने का कोई औचित्य ही नहीं है। केवल अच्छी सड़कें ही काफी हैं, क्योंकि वाराणसी में भी करिडोर बनने से लोग दुखी हैं।

कहा, इसके लिए कई मंदिरों को तोड़ना पड़ा, इसलिए यहां ऐसा कुछ न हो, इसका विरोध करता हूं। जिन अधिकारियों ने भी योजना के बारे में सोचा है मुख्यमंत्री उन्हें समझाएं कि ये करना पवित्र भूमि को ठेस पहुंचाने के बराबर होगा। कहा, उत्तराखंड विधानसभा में कर्मियों को नियुक्त कर 2001 से 2015 तक नियमित कर दिया गया, लेकिन इसके बाद 2016 से भर्ती हुए सभी की छुट्टी करने की शुरुआत कर दी।



अच्छी सड़कें बनें इतना ही काफी

कहा, 2001 से 2015 तक सबको नियमित कर दिया, लेकिन बिना कारण 2016 के बाद के कर्मियों को बर्खास्त करना भारतीय संविधान के आर्टिकल 14 का उल्लंघन है।

कहा, अभी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में नहीं पहुंचा है। इसे सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की रणनीति बनाएंगे, लेकिन आशा करता हूं कि सीएम खुद ही जैसे 2001 से 2015 तक के कर्मियों को नियमित किया, इन्हें भी बहाल कर नियमित करने का फैसला लें।

## महिला दिवस के कार्यक्रमों पर की चर्चा

कोटद्वारः ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की बैठक में स्व. दीनदयाल नवानी की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आठ मार्च को होली होने के कारण पाचं मार्च की तिथि को नागरिक मंच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम कोटद्वार की महापौर हेमलता नेगी, विशिष्ट अतिथि अनीता आर्य व सरोजनी कैंतुरा होगी। मंच के अध्यक्ष शिव प्रसाद कुकरेती की अध्यक्षता में हुई बैठक में गोविन्द डंडरियाल को कार्यक्रम संयोजन बनाया गया। बैठक में जनार्द्धन ध्यानी, विजय लखेड़ा, शंकर दत्त गौड़, राकेश लखेड़ा, प्रभाकर ध्यानी, राजेन्द्र कुमार वर्मा आदि ने विचार रखें।

# नगर निगम का देखो खेल : 58 लाख की दीवार, छह माह में दरकी

## नगर निगम खोह नदी के तट पर ट्रेचिंग ग्राउंड में बनाई गई थी दीवार, निर्माण के एक साल भी नहीं टिक पाई नगर निगम की दीवार

लगता है नगर निगम को चर्चाओं में रहने की आदत पड़ गई है।

अभी नगर निगम के खातों से फर्जी चैकों के जरिए लाखों की धनराशि निकालने का मामला ठंडा भी न हुआ कि निगम में घटिया निर्माण कार्यों का नया मामला सामने आ गया है।

खोह नदी के तट पर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड के विस्तारीकरण को लाखों की लागत से बनाई गई दीवार निर्माण के साल भर के भीतर ही दरकने लगी है। दरक रही दीवार निगम के निर्माण कार्यों की कलई खोलती नजर आ रही है।

विकास कार्यों के मामले में सरकार से धन आवंटन न होने की बात कहने वाले नगर निगम ने किस तरह 58 लाख रूपए खोह नदी की भेंट चढ़ा दिए, नदी तट पर दरकती दीवार इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

नगर निगम ने क्षेत्र से प्रतिदिन उठने वाले करीब सत्तर टन कूड़े को खोह नदी में गिरने से रोकने के लिए 2021–22 में नदी तट पर 180 मीटर लंबी व सात मीटर ऊंची दीवार का निर्माण करवाया। करीब 58 लाख की लागत से बनी इस दीवार की गुणवत्ता का अंदाजा महज इस बात से ही लगाया जा सकता है कि निर्माण के वर्ष भर के भीतर ही दीवार दरकने लगी है। जगह–जगह से क्षतिग्रस्त यह दीवार कब पूरी तरह जमींदोज हो जाए, कहा नहीं जा सकता।

ट्रेंचिंग ग्राउंड की दीवार निर्माण के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दीवार निर्माण किया जाएगा। साथ ही क्षतिग्रस्त हिस्से की भी मरम्मत कर दी जाएगी।

**...वैभव गुप्ता, नगर आयुक्त, कोटद्वार नगर निगम**

### लगातार उठ रहे थे सवाल

नगर निगम की ओर से बनाई गई उक्त दीवार पर क्षेत्रवासी लगातार सवाल खड़े कर रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान कईयों ने दीवार की गुणवत्ता को लेकर सवाल भी खड़े किए थे। लेकिन, निगम प्रशासन ने इन शिकायतों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया।



कैप्शनः कोटद्वार के ट्रेंचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े से खोह नदी में गिरने से रोकने के लिए बनाई गई दीवार का दरका हुआ हिस्सा

# संत निरंकारी मिशन ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** संत निरंकारी मिशन की स्थानीय शाखा के सदस्यों और पदाधिकारियों की ओर से स्वच्छ जल, स्वच्छ मन मिशन के अंतर्गत सिद्धबली मंदिर के साथ ही खोह नदी के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान चलाना अपने आप में प्रशंसनीय कार्य है। इस कार्य में अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। नगर निगम पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। कहा कि अपने आसपास सफाई रखना हर नागरिक का कर्त्तव्य है। कोटद्वार ब्रांच मुखी धीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मिशन की ओर से सदगुरू माता की कृपा से पूरे भारतवर्ष में समाजकल्याण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कहा कि अभियान के दौरान आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वस्थ समाज निर्माण के लिए हम सभी को सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बताया कि यह कार्यक्रम 27 राज्यों के 1100 स्थानों में चलाया गया है। इस दौरान हल्दूखाता ब्रांचमुखी सतेंद्र सिंह बिष्ट, लैंसडौन ब्रांच मुखी सुभाष पंथवाल, मटियाली ब्रांचमुखी कमलेश्वरी डबराल और सतपुलीमुखी चंडी प्रसाद उनियाल सहित मिशन के सेवादार और स्कूली छात्र–छात्रा मौजूद रहे।



कोटद्वार में खोह नदी के तट पर अभियान चलाते संत निरंकारी मिशन के सदस्य

# प्रधानाचार्य के पदों पर शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रधानाचार्य के पदों पर शिक्षकों की पदोन्नति न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई।

बैठक में पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के लगभग 90% विद्यालय नियमित प्रधानाचार्य विहीन है तथा विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक, शिक्षण कार्य व प्रभारी प्रधानाचार्य एवं लिपिक के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इन कार्यों के अतिरिक्त अधिकांश विकासखंडों में नियमित प्रधानाचार्य न होने के कारण अध्यापकों को आहरण वितरण कार्य हेतु खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी जाना पड़ता है, जिस कारण शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अधिकांश शिक्षक जिस पद पर नियुक्त हो रहे हैं, लंबी सेवा के बाद उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसलिए शिथिलीकरण व्यवस्था के तहत जल्द से जल्द सभी रिक्त प्रधानाध्यापक पदों पर शिक्षकों की पदोन्नति की जानी चाहिए। बैठक में मुकेश रावत, विजेंद्र बिष्ट, विजेंद्र तोमर, डबल सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह रावत, संजय रावत, आशीष खर्कवाल, परितोष रावत, रतन सिंह बिष्ट, मनीष रावत, नरेंद्र सिंह रावत, मनमोहन रौतेला, अनूप नेगी, दीपक नौटियाल, अब्बल सिंह रावत, रतन सिंह रावत, पूर्णचंद्र धूलिया, जयकृत नेगी और रविंद्र रावत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी पुलिस बैरक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पौड़ी में जर्जर और पुरानी बैरकों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बैरक के रूप में बनाया गया है। जिससे अब पुलिस जवानो को काफी सहूलियत मिलेगी।

एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने स्मार्ट बैरक का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुलिस एक अनुशासित बल है। जिसमें पुलिस जवान 24 घण्टे ड्यूटी करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। लगातार ड्यूटी पर रहने के कारण जवानों को शारीरिक व मानसिक रुप से थकान होनी स्वाभाविक है। पुलिस जवानों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श बैरक के निर्माण का मुख्य उद्देश्य बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। जिससे जवान जब दिन भर की भाग–दौड़ व थकान भरी ड्यूटी से बैरिक में आराम करने आए तो उन्हें घर जैसी अनुभूति व पूर्ण सुविधा मिल सके और वे शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रह सकें। बताया कि इस स्मार्ट बैरक में हर जवान के लिए स्टोरेज बेड, अलमारी, व्यक्तिगत सेल्फ की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। बताया कि जिले के अन्य थानों में भी पुलिस बैरकों का अपग्रेडेशन कर उन्हें भी पुलिस स्मार्ट बैरक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।



पौड़ी में बैरक का शुभारंभ करती एसएसपी।

# स्वस्थ शरीर को खानपान पर विशेष ध्यान दे विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ईट राइट इंडिया मूवमेंट के तहत विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देने की सीख दी गई। कार्यशाला में दुगड्डा, रिखणीखाल, यमकेश्वर, जहरीखाल, द्वारीखाल विकास खंडों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोटद्वार के चिकित्साधिकारी डा.जयदीप बिष्ट ने स्वयंसेवियों को स्वस्थ भोजन बेहतर जीवन के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें अपने खान–पान पर विशेष ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को अपने खानपान में दलहन, अनाज, फल व सब्जियों का अधिक उपयोग करना चाहिए।

जंक फूड स्वास्थ्य को सबसे अधिक हानि पहुंचाता है।

इस दौरान आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज की छात्रा प्रियंका ने प्रथम, आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा साक्षी ने द्वितीय व गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड के छात्र मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में रोजी ने प्रथम, अनीता व वंश ने संयुक्त रूप से द्वितीय व शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर रासेयो के जिला समन्वयक परितोष रावत, प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, मनमोहन चौहान, जयदीप बिष्ट, महेंद्र कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार के राइंका में आयोजित में मौजूद विद्यार्थी।

## कांग्रेस ने चलाया हाथ से हाथ जोड़ों अभियान

पौड़ी : कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जारी है। पार्टी इस अभियान के तहत वार्ड में जाकर लोगों को अभियान के बारे में जानकारी देने के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विफलताओं की जानकारी दे रही है।

रविवार को जिला व नगर कांग्रेस कमेटी ने शहर के वार्ड न.11 में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों से जनता परेशान है। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्ट्राचार को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बताया कि इससे पूर्व राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को पूर्ण समर्थन मिला अब प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्रीकांत, डा. सिलास, मनमोहन, राजेश्वरी, कमला, ,शकुंतला, माधुरी नेगी, अनीता देवी, सुजाता रावत, राखी, पूनम रावत, मीना रावत, ममता रावत, रोहन रावत, विकास रावत, राहुल आदि शामिल थे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विकास मार्ग के वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने नाटक, शारीरिक प्रदर्शन, हिमांचली, राजस्थानी, गढ़वाली, नंदाराजजात, पंजाबी लोकगीतों की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

रविवार को प्रेक्षागृह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विकास मार्ग पौड़ी के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।

वार्षिकोत्सव की शुरूआत वंदना व स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्र–छात्राओं ने नाटक, शारीरिक प्रदर्शन, हिमांचली, राजस्थानी, नंदाराजजात, पंजाबी गीतो पर शानदार अभिनय किया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व सीएम एवं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि विद्या भारती के से संबंद्ध स्कूलों में बेहतर पठन–पाठन के साथ अनुशासन, शिष्टाचार की शिक्षा दी जाती है। कहा कि भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा का स्वरूप प्रदान करने वाली विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंद्ध इन स्कूलों के छात्र–छात्राएं बोर्ड परीक्षाओं में अपना परचम लहरा रहे है और इन स्कूलों से पढ़ाई कर निकले छात्र–छात्राएं देश के कई सर्वोच्च पदों पर सेवाएं दे रहे है।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं

# नशे पर पुलिस की सख्ती, 13 लाख की चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** धुमाकोट पुलिस ने 85 किलो अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 13 लाख रुपये बताई जा रही है।

**धुमाकोट पुलिस ने 85 किलो गांजे के साथ व्यक्ति को किया गिरफ्तार**

धुमाकोट पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण तथा धुमाकोट थानाध्यक्ष दीपक तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्त रणधीर सिंह, उम्र–40 वर्ष, पुत्र– चंद्रपाल सिंह, निवासी–वार्ड नं.–15, मोहल्ला–काजीपुरा, थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद यूपी को कार में अवैध 85 किलो अवैध गांजे के साथ परिवहन करते हुए सिमड़ी पुलिस चेक पोस्ट, धुमाकोट के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ में रणधीर सिंह ने बताया कि वह गांजा अल्मोड़ा के एक गांव के एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था और मुरादाबाद ले जाकर ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था।




धुमाकोट पुलिस हिरासत में पकड़ा गया गांजा तस्कर

# नशा मुक्त होली के लिए आमजन को करेंगे जागरूक



आयोजित बैठक में भाग लेते संस्था के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** देव भूमि उत्कर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर चन्द्र मोहन बडथ्वाल की अध्यक्षता में गेप्स संस्था व एनडीवीआर के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक पदमपुर मोटाढाक में आहुत की गई।

बैठक में नशा मुक्त होली मिलन कार्यक्रम एवम् महिला दिवस पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समाज को नशा मुक्त करने के लिए जागरूक करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर गेप्स के उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, महामंत्री जगत सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष मनमोहन काला, सांस्कृतिक प्रभारी रेखा ध्यानी, भारत सिंह नेगी, रमा कांत कुकरेती, रोशन लाल कुकरेती, एन डी वी आर के प्रतिनिधि अनुराग कंडवाल, मीडिया प्रभारी धर्म वीर सिंह नेगी, गेप्स के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल उपस्थित थे।

# कर्मचारी व अधिकारियों के हित में लागू हो पुरानी पेंशन

## पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने सांसद के समक्ष उठाई समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पौड़ी पहुंचे गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत से मुलाकात कर पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर विस्तार से चर्चा की और ज्ञापन दिया। मोर्चा ने सांसद को नई पेंशन योजना से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों की पीड़ा से भी अवगत कराया।

रविवार को पौड़ी पहुंचे गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत को मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि आज सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के सम्मुख आर्थिक संकट के साथ साथ सामाजिक अस्तित्व का भी संकट उत्पन्न हो गया है। सेवानिवृत्त के बाद कर्मचारियों को 1 से 2 हजार पेंशन प्राप्त हो रही है। बताया कि 1 अक्टूबर 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन नहीं मिल रही है। जिससे उन्हें अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बच्चों की उच्च शिक्षा, चिकित्सा, विवाह व जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें बैंक से लोन या ऋण लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। कहा कि पुरानी पेंशन योजना एक सुलझी हुई योजना थी जिससे कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद भी इन दायित्वों का निर्वहन बड़ी आसानी से कर लेता था। आज कर्मचारियों का पैसा प्राइवेट शेयर बाजार की योजना में लगाया जा रहा है जिसका भविष्य सुरक्षित नहीं है।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को अवगत कराया कि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल की जा रही है और कर्मचारियों को जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सांसद से अनुरोध किया कि आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री से इस संबंध में बात रखते कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के लिए आग्रह करें। वहीं, सांसद ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हमारी सरकार देश हित एवं कर्मचारी हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिया कि इस बात पर भी हमारे सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश सचिव सीताराम पोखरियाल, कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप रावत, प्रदेश प्रवक्ता डा. कमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष पौड़ी भवान सिंह नेगी, रेवती डंगवाल, जसपाल सिंह रावत आदि शामिल थे।

# राशिसं की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

रुद्रप्रयाग। राजकीय शिक्षक संघ जनपद रुद्रप्रयाग द्वारा रविवार को गूगल मीट आयोजित की गई। राशिसं के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री आलोक रौथाण के संचालन में बैठक में आठ बिंदुओं का एजेंडा रखा गया। सबसे पहले वरिष्ठ सलाहकार विजय बैरवाण ने पदोन्नति, कोटिकरण के मुद्दे को रख जबकि जिला उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार ने चयन/प्रोन्नत के सरलीकरण के लिए शासनादेश संख्या 150 को निरस्त किए जाने, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का मानदेय बढ़ाने, सीआर अनलाइन भरने के लिए प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षित करने की मांग रखी। ब्लॉक जखोली मंत्री प्रवीण घिल्डियाल ने लंबित प्रकरणों के निराकरण शीघ्र किए जाने की मांग की। जिला कार्यकारिणी कार्यालय मंत्री रविन्द्र पंवार ने चयन/प्रोन्नत में 5 साल के रिजल्ट देने के सरलीकरण किए जाने को लेकर अपनी विचार रखे। अगस्त्यमुनि ब्लॉक अध्यक्ष शंकर भट्ट द्वारा कोटिकरण के लिए चयन/प्रोन्नत का सरलीकरण व मुख्य शिक्षा अधिकारी के वार्ता करने को लेकर विचार रखे।

जिला कोषाध्यक्ष मित्रानन्द मैठानी ने कहा कि चयन/प्रोन्नत के सरलीकरण के लिए 10 साल के रिजल्ट का शिथलीकरण व तदर्थ शिक्षकों को मौलिक की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए आर्थिक लाभ प्रदान किया जाए। अवकाश के दिन किए गए प्रशिक्षण के बदले प्रतिकर देने का स्पष्ट आदेश जारी किए जाने चाहिए। जखोली ब्लॉक अध्यक्ष डॉ जगदम्बा चमोली ने कहा कि जनपद के कोटिकरण को लेकर जिलाधिकारी से मिला जाए व मुख्य शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक शिक्षाधिकारी के समक्ष समस्त प्रकरणों को रखा जाए तथा चयन/प्रोन्नत की प्रक्रिया में कागजों को सरल किया जाए। ब्लॉक ऊखीमठ मंत्री अजय भट्ट ने गूगल मीट में सन्गठन की महानता के विषय मे कहा गया तथा चयन/प्रोन्नत के सरलीकरण को प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य के स्तर से ही कागजात बनाये जाने रिजल्ट को शिथलीकरण किया जाए।जखोली ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक सुनील मैठानी ने कहा कि वेतन विसंगति में वरिष्ठ–कनिष्ठ मामलों के निराकरण करने को लेकर शीघ्र कार्रवाई करने की बात रखी। जिला सन्गठन मंत्री (महिला) विमला राणा ने गूगल मीट की सराहना की तथा जनपद के समस्त लंबित प्रकरणों के निराकरण की बात रखी जाए।

जिलाकार्यकारिणी विधि सलाहकार समिति के सदस्य मातवर बिष्ट ने गूगल मीट में चयन/प्रोन्नत वेतनमान के सरलीकरण को किया जाने के समिति गठन को समय समय पर किया जाए तथा विसंगति को निराकरण किया जाए पूर्व की सेवा का लाभ दिया जाना चाहिए।

## पंचायत प्रतिनिधियों को दिया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं राजस्व स्रोत डिजिटल साक्षरता का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपंन हो गया। इस मौके पर कई जानकारियां दी गई। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के तल्लानागपुर क्षेत्र स्थित मेला स्थल चोपता में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान में ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग द्वारा प्रतिनिधियों का दो दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत शिवालिक एजुकेशन सोशल वेलफेयर ह्यूमन रिसोर्स संस्था से आए कमल सिंह रावत ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सभी राज्यों का विषय है।

# मार्च माह का राशन वितरित नहीं करेंगे जौनसार बावर के राशन विक्रेता

विकासनगर। जौनसार बावर सरकारी राशन विक्रेता एसोशिएशन की बैठक में मार्च माह का राशन नहीं उठाने का निर्णय लिया गया है।

विक्रेताओं के राशन नहीं उठाने से जौनसार बावर के बाशिंदों के सामने राशन की किल्लत होने की आशंका पैदा हो गई है। डाकपत्थर बैराज मैदान में रविवार को हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र रावत ने कहा कि सरकार राशन विक्रेताओं की उपेक्षा करते हुए उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। लंबे समय से बकाया राशन भाड़ा और लाभांश नहीं मिलने के कारण राशन विक्रेता आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। जनता के हित को देखते हुए अभी तक राशन विक्रेताओं ने हड़ताल नहीं की, लेकिन अब सरकार की उपेक्षा के चलते हड़ताल करने का निर्णय लेना पड़ा है। कहा कि दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक निशुल्क राशन वितरण का भाड़ा नहीं मिला। इसके साथ ही नियमित राशन वितरण का तीन माह का भाड़ा और लाभांश भी सरकार की ओर से अभी तक नहीं दिया गया है। भाड़ा नहीं मिलने के कारण भी ट्रांसपोर्टर राशन पहुंचाने से मना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के कई गांवों में घोड़े, खच्चरों के माध्यम से राशन ढुलान किया जाता है। घोड़े, खच्चर मालिकों को प्रत्येक दिन का भाड़ा चुकाना पड़ता है। राशन विक्रेताओं के पास भाड़ा चुकाने का कोई साधन नहीं है। इसके साथ ही लाभांश नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। अधिकांश विक्रेता अपनी जमा पूंजी से ट्रांसपोर्टर का उधार चुका चुके हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कहा कि जब तक बकाया राशन भाड़ा और लाभांश नहीं मिल जाता है तब तक गोदामों से राशन नहीं उठाया जाएगा।

# शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया

रुद्रप्रयाग। स्वर्गीय चैन सिंह रावत सरस्वती बाल विद्या मंदिर अमकोटी का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को विधायक भरत सिंह चौधरी ने सम्मानित किया है। रविवार को विधायक भरत सिंह चौधरी व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस दिखाने वाले पूर्व सैनिकों मोर सिंह नेगी व करम सिंह रावत के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार प्राप्त नागेन्द्र इंका बजीरा के शिक्षक बीरेंद्र सिंह राणा,समाज सेवा के क्षेत्र में भाजपा जखोली मण्डल अध्यक्ष व प्रधान धनकुराली धूम सिंह राणा, प्रधान उच्छना सीमा देवी व मेधावी छात्र लवीश रावत को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया है।

विधायक चौधरी ने शिक्षकों व अभिभावकों से अपने नौनिहालों का भविष्य बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण की भी घोषणा की है। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्दा देवी राजजात यात्रा की मन मोहक प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह सजवाण ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की है। इस मौके विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र भण्डारी, प्रवक्ता बीरेंद्र सिंह नेगी,डा. संजय सिंह, संजयपाल नेगी,किशन सिंह नेगी, पूर्व प्रधान परमजीत सिंह नेगी,धर्मपाल रावत आदि मौजूद थे।

## पति, सास व देवर सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। थाना क्षेत्र सेलाकुई के अंतर्गत जमनपुर सेलाकुई निवासी एक महिला ने अपने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि पति, सास और उसके दो देवर दहेज के लिए उत्पीड़न करने के साथ ही मारपीट व गाली–गलौज करते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जमनपुर सेलाकुई निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व सचिन पुत्र जंगपाल निवासी खमरिया थाना गढिया रंगीन जिला शाहजहांपुर यूपी से हुई थी।

# डोईवाला में भाजयुमो ने नकल विरोधी कानून के समर्थन में निकाली रैली



## युवा हित में है नकल विरोधी कानून: डॉ. निशंक

ऋषिकेश। प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून को लागू करने के लिए भाजयुमो ने सीएम धामी का आभार जताया। डोईवाला में भाजयुमो ने नकल विरोधी कानून के समर्थन में रैली निकाली। रविवार को लच्छीवाला स्थित लच्छेश्वर शिव मंदिर के समक्ष भाजयुमो कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और डोईवाला के विधायक बृजभूषण गैरोला ने झंडी दिखाकर बाइल रैली को रवाना किया। सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा राज में उत्तराखंड नकल विरोधी कानून बनाने वाला सबसे पहला राज्य बन गया है। इससे प्रदेश की जनता में इस कानून को लेकर उत्साह दिख रहा है।उत्तराखंड में बना नकल विरोधी कानून युवाओं के हित में है। नकल करने वाले देश और समाज के दुश्मन हैं। अब सरकार ने ऐसा सख्त कानून बनाया है, जिसमें नकल करने और कराने वालों को सख्त से सख्त सजा का प्रावधान है। इस दौरान बाइक रैली लच्छीवाला से शुरू होकर डोईवाला चौक, भानियावाला चौक से होते हुए हिमालयन चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली में जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अंकित बिजल्वाण, भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, डोईवाला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितिन कोठारी, युवा मोर्चा माजरी मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह, मंगल रौथान, रैली संयोजक सुबोध नौटियाल, सह संयोजक निशांत मिश्रा, सभासद ईश्वर सिंह रौथाण, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।

## सूचना

हमने फर्म्स का नाम "DEKO SOLUTIONS", R/O Plot No B—11, Sigaddi Growth Center, Kotdwar (UK) रखा है।

यदि किसी को भी फर्म्स के नाम व पते से आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 10 दिन के अंदर उप निबंधक फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स कार्यालय पौड़ी में आपत्ति दर्ज करे।

**अंशुल गोयल**

# मंत्री सुबोध उनियाल ने किया पंचम राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ

देहरादून। प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 71 राजकीय तथा एक सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान की नियमित छात्र–छात्राओं के 28 फरवरी 2023 से 02 मार्च 2023 के मध्य आयोजित होने वाली पंचम राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय मंत्री, तकनीकी शिक्षा, वन, भाषा एवं निर्वाचन उत्तराखण्ड सरकार सुबोध उनियाल द्वारा 28 फरवरी 2023 को प्रातः 11 बजे महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, रायपुर, देहरादून में किया जाएगा।

इस खेलकूद प्रतियोगिता उत्तराखण्ड राज्य में संचालित समस्त पॉलीटेक्निक को चार जोन में विभक्त कर उन चार जोन गढवाल–1, गढ़वाल– 2. कुमाऊं– 1, कुमाऊं–2 में विजयी रहे 229 छात्र एवं 123 छात्राओं द्वारा 30 विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा। 01 मार्च 2023 की संध्या में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में समूह गान, समूह नृत्य, नाटक, आई. आर. डी. टी. सभागार सर्वे चैक, देहरादून में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 02 मार्च को मुख्य अतिथि सचिव, तकनीकी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन रविनाथ रामन, द्वारा किया जाएगा। इन अवसरों पर आर. पी. गुप्ता, निदेशक प्राविधिक शिक्षा, देशराज, सचिव उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद रूड़की, डॉ राजेश उपाध्याय एवं ए० ए० हाशमी, संयुक्त निदेशक ए0के0 सक्सेना, परीक्षा नियंत्रक उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद रूड़की, डॉ मुकेश पाण्डे, संयुक्त सचिव आई. आर. डी. टी. नाथीराम, एस. के. वर्मा एवं श्री एम. के. कन्याल उप निदेशक, विभिन्न राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्य तथा अन्य शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।




# सद्भावना क्रिक्रेट मैच में सीआइएसएफ टीम बनी विजेता



चम्पावत। टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा मे रविवार को एनएचपीसी टीम और सीएसएफ टीम के बीच खेल मैदान में 15–15 ओवरों का सद्भावना मैच खेला गया।मैच से पूर्व पावर स्टेशन के प्रमुख राजीव सचदेवा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मेच का शुभारंभ किया गया, एनएचपीसी टीम ने पहले खेलते हुए 6 विकेट खोकर 116 रन बनाए, कप्तान ऐश्वर्य वर्मा सर्वाधिक 25 रन बनाए।वहीं रनों का पीछा करने उतरी सीआइएसएफ टीम ने तैरवे ओवर में 117 रन बनाकर मैच जीत लिया।

पावर स्टेशन प्रमुख राजीव सचदेवा ने विजेता टीम को ट्रॉफी देते हुए बधाई दी और दोनों टीमों को मैच को सौहार्द्धपुरन वातावरण में समाप्ति के लिये धन्यवाद दिया।इस दौरान महाप्रबंधक (विधुत)राजील व्यास एवम महाप्रबंधक इएंडसी मदन लाल आदि उपस्थित थे।

## निरंकारी भवन से शुरू हुई स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना

काशीपुर। संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर माता सुदीशा महाराज और निरंकारी राजपिता के निर्देश पर अमृत परियोजना के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

रविवार को कार्यक्रम का संत निरंकारी भवन के संयोजक बलदेव सिंह सिंहाली ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और इसके स्थान के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना है।

बताया आने वाले समय में वह बाजपुर की लेवड़ा नदी को भी साफ करेंगे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट का बनबसा पहुंचने पर जोरदार स्वागत



चम्पावत। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में बनबसा पहुंचने पर कार्यकत्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कार्यकर्ताओं से पंचायत और लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाने को कहां।उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम,बूथ शसक्तीकरण पर जोर दिया। केंद्र और राज्य सरकारों की जनहितकारी योजनाओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाना होगा। योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को आम आदमी को इन योजनाओं का लाभ भी दिलाना होगा।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी,मोनू ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि संजय जोशी, महेश चन्द, संजय अग्रवाल, रुचि धस्माना, संदीप पाठक, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेल के लिए संघर्ष समिति का प्रदर्शन




बागेश्वर। टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति ने बागेश्वर रेल लाने के लिए प्रदर्शन किया। यहां आयोजित सभा में केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। बागेश्वर रेल पहुंचाने का वादा सरकार लागातार कर रही है, लेकिन बजट स्वीकृत करने में लेट लतीफी कर रही है।

इससे यहां का विकास ठप हो रहा है। उन्होंने जल्द बजट स्वीकृत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर नीमा दफौटी, हयात सिंह मेहता, गीता रावल, भरत कुमार आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

पिथौरागढ़। सीमांत के अलग–अलग क्षेत्रों में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच होगी। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 22 नवंबर को भैंसकोट–नाचनी मार्ग में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई थी। नौ जनवरी को पिथौरागढ़–थल सड़क में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। डीएम रीना जोशी ने उक्त दोनों दुर्घटनाओं की जांच के लिए एसडीएम को नामित कर 15 दिनों के भीतर रिपोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# आदित्य की जगह अमन बैठे भूख हड़ताल पर




काशीपुर। डिग्री कॉलेज में टेबलेट की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र की तबियत बिगड़ने पर अन्य छात्र उनकी जगह पर बैठ गए है। छात्र बोले मांग पूरी नहीं होने तक निरंतर चलती रहेगी भूख हड़ताल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 24 फरवरी से डिग्री कॉलेज में भूख हड़ताल चल रही है। हड़ताल पर बैठे आदित्य कि शनिवार रात तबियत बिगड़ने पर चिकित्सा टीम बुलाकर प्रशासन ने भूख हड़ताल से उठा दिया था। जिसके बाद रविवार को अमन सिंह बॉबी भूख हड़ताल पर बैठे गए हैं। उन्होंने बताया कि टेबलेट धनराशि योजना से वंचित 3200 छात्र–छात्राओं के लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता दिन–रात कॉलेज में रुक कर छात्र–छात्राओं के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने तक भूख हड़ताल निरंतर चलती रहेगी। यहां करन भारद्वाज,मनोज जीना, संजीव तिवारी, विवेक विर्क, अंशु पाल, आकाश चौहान, अभय अरोरा, अभिषेक कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हल्द्वानी रवाना हुए सैकड़ों कर्मचारी



हल्द्वानी। हल्द्वानी में आयोजित एन एम ओ पी एस द्वारा आयोजित कुमाऊं मंडल सम्मेलन व विशाल रैली मे प्रतिभाग करने के लिए ब्लॉक खटीमा के पेंशन विहीन सरकारी कर्मचारियों का जत्था रवाना हुआ। रवाना होने से पहले आयोजित सभा में भुवन उप्रेती ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती तो आंदोलन और तेज होगा। आज की इस रैली में मुख्य अतिथि विजय कुमार बन्धु राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। महारैली में सभी विभागों के हजारों कर्मचारियों के भाग लेने की उम्मीद है। खटीमा से भी सैकड़ों लोग हल्द्वानी में आयोजित पैदल मार्च और महारैली में भाग लेंगे जिसमें आगे की रणनीति भी बनाई जाएगी। इस अवसर पर राजेश जोशी, भुवन उप्रेती, प्रकाश शर्मा, मुकेश राना जी, हरगोविंद उप्रेती, तपनशील, सुरेन्दर सिंह, सुखदेव सिंह राना, कैलाश धौनी, जसवीर सिंह राना, उमेश राना और जयंत राना उपस्थित रहे '

## साप्ताहिक किसान बाजार लगा

चम्पावत। बस स्टेशन में रविवार को किसान साप्ताहिक बाजार लगा। जिसमें विभिन्न स्वंय सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं काश्तकारों ने स्टाल लगाए।

इस दौरान लोगों ने जैविक उत्पादों की खरीदारी की जिसमें पालक, मेथी, राई, सोयाबीन, छांछ के अलावा हेथा संस्था के उत्पाद भी शामिल रहे।

यहां गोल्ज्यू किसान उत्पान संघ, महिमा स्वयं सहायता समूह, भगवती स्वयं सहायता समूह के अलावा अन्य लोग रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए चल रही योजनाओं की दी जानकारी

काशीपुर। बीआरसी सभागार में दिव्यांग बच्चों एवं अभिभावकों के लिए वातावरण सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिवावकों और बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। आयोजक बीईओ आरएस नेगी ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, शिक्षकों के सामाज के कर्तव्यों उचित व्यवहार और उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। पूर्व समाज कल्याण अधिकारी पीसी जोशी ने कहा दिव्यांग जन पूरे राष्ट्र के किसी भी राज्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। डीडीआरसी नोडल अधिकारी सतीश चौहान ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, उनके उपभोग के लिए पंजीकरण और प्रमाण पत्र बनाने संबंधी जानकारी दी। यहां मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अर्जुन कश्यप, विशिष्ट अतिथि पूर्व कनिष्ठ प्रमुख जगदीश सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी खीमानंद गहत्याड़ी, डॉ. आदित्य, सूरजभान, श्वेता डाबर, सुरेश सिंह, राजवीर सिंह, अनिल कुमार रहे।

## लापता नाबालिग चाय के खोखे से बरामद

काशीपुर। चार दिन से लापता नाबालिग को पुलिस ने एक चाय के खोखे से बरामद कर लिया। पुलिस ने नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम खमरिया निवासी विक्रम सिंह का नाबालिग पुत्र 22 फरवरी की शाम को घर से बिना बताए चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खमरिया से लापता नाबालिग दोराहा रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित एक चाय के खोखे पर काम कर रहा है।

# पीआरडी जवान के हत्यारों को करें गिरफ्तार



बागेश्वर। कपकोट के पीआरडी जवान की हत्या पर जिले के अन्य पीआरडी जवानों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पुलिस से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि दो सप्ताह बाद भी हत्यरो पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाए हैं।

इस कारण परिवार के लोग चिंतित हैं। इस आशय का एक ज्ञापन एसपी को सौंपा। जिले के जवान रविवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 11 परवरी से लातपा पीआरडी जवान का शव तुपेड़ के जंगल में मिला। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जवान की मौत का राज नहीं खुल सका है, जबकि मृतक के भाई राजेंद्र ने हत्या की आशंका जताई है। खुशाल राम ड्यूटी पर तैनात थे। वह परिवार के एकमात्र कमाऊ थे। उनकी मौत के बाद से परिवार के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्होंने पुलिस से हत्यारों को गिरफ्तार करने तथा मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। मांग करने वालो में प्रदीप कुमार, विपिन चंद्र, गणेश राम, ललित मोहन पंत, नरेंद्र राम, आरडी हितैषी आदि मौजूद रहे।

## अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही, भेजा जेल

रुद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा नशे का कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

अभियान के अंतर्गत, प्रभारी निरीक्षक खटीमा के पर्यवेक्षण में चकरपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त मलकीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम गिधौर थाना नानकमत्ता उम्र 35 वर्ष को 60 पाउच कच्ची शराब परिवहन करते हुए एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर के साथ गिरफ्तार किया गया । मामले में कोतवाली खटीमा में धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुक़दमा पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई प्रियांशु जोशी (चौकी प्रभारी चकरपुर, कांस्टेबल कमल पाल, हरीश जोशी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों ने लिंग भेद संबंधी सामाजिक बुराईयां दूर करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया

अल्मोड़ा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बनोलिया में जारी है।

शिविरार्थियों की तरफ से क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम, सफाई अभियान सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ प्रातः योगाभ्यास के साथ हुआ, इसके बाद शिविरार्थियों ने सरस्वती पूजन किया। स्वयंसेवियों ने लिंग भेद संबंधी सामाजिक बुराई की समस्या के दूर करने के लिए ग्रामसभा बनोलिया तथा बूबूधाम क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों का बेटी और बेटों के साथ एक समान व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। बाद में शिविरार्थियों ने शिविर क्षेत्र की साफ–सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया। बौद्धिक सत्र में सुचेता एनजीओ की सिस्टर रोजी ने कैरियर डेवलपमेंट एवं स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिए। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पारुल भारद्वाज व डॉ. कमला ने भी विचार रखे। शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए पांच सैंपल

काशीपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होली पर्व को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर दूध, दही और रिफाइंड ऑयल के पांच सैंपल लिए। साथ ही मुरादाबाद से बस में लाया जा रहा 40 किलो मिलावटी मावा पकड़ नष्ट कर दिया। इसके अलावा सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा।

रविवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे के नेतृत्व में विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाया। टीम ने रामनगर रोड के केलामोड़ में वाहनों को रोककर चेक किया। इस दौरान एक वाहन में लाया जा रहा शगुन ब्रांड दही का एक, दूध के वाहनों से दो, रिफाइंड सोया ऑयल का एक और रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल का एक नमूना लिया। वहीं, टीम ने रामनगर जा रही मुरादाबाद डिपो की बस में 40 किलो मावा लवारिस हालत में पकड़ा। टीम ने मावा जब्त कर उसे नष्ट करा दिया।

इधर, आटा निर्माण इकाई के बिल में एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर नही पाया गया। जिसे नोटिस जारी किया।

# पुलिस का मुखबिर 541 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलभट्टा पुलिस ने चंपावत पुलिस के मुखबिर को 541 ग्राम चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चरस की कीमत पचास हजार रुपये बताई है। रविवार को सीओ सितारगंज ओमप्रकाश शर्मा ने पुलभट्टा थाने में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीते शनिवार को पुलभट्टा पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने फ्लाईओवर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 341 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम बसंत सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम दियारखोली मुक्तेश्वर नैनीताल बताया।

## उदय भारत सोसायटी की बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा

हरिद्वार। उदय भारत शिव सोसाइटी की बैठक ज्वालापुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट कुलदीप खंडेलवाल ने की और संचालन अनिल सती ने किया। बैठक में प्रदेश के कई जिलों में भूस्खलन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे मानवीय आपदा बताया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें पौधरोपण के लिए प्रशासन द्वारा स्थान की अनुमति, संस्था में जिम्मेदारी तय करना और पॉड टैक्सी योजना के तहत आने वाले पुराने पेड़ों का संरक्षण करना अहम बिंदु रहे। संस्था की फाउंडर मेंबर हेमा भंडारी ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है।

# सुवालेख–रसैपाटा सड़क पर सुरक्षा दीवार ढ़ही, निर्माण में लापरवाही का आरोप



पिथौरागढ़। सुवालेख–रसैपाटा सड़क में बिन बारिश सुरक्षा दीवार ढह गई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने सुरक्षा दीवार निर्माण के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पूर्व में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत उक्त सड़क में डामरीकरण, दीवार निर्माण का कार्य हुआ। लेकिन निर्माण सामाग्री में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। नतीजन कुछ समय में ही दीवार ढह गई है। जो वर्तमान में दुर्घटना का सबब बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पैराफिट निर्माण में भी लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से जांच की मांग करते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

# रोटरी क्लब ने बालिकाओं को दी साइकिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः रोटरी क्लब की ओर से बालिकाओं की विद्यालय आने जाने की परेशानियों को देखते हुए रोटरी दिव्य बालिका श्री योजना के तहत प्रथम चरण में 6 जरूरतमंद स्कूल की छात्राओं को साइकिल दी गई।

राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ रोटरी अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने किया।

उन्होंने कहा कि मेधावी छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग के लिए रोटरी क्लब ने साइकिल देने की योजना शुरू की है। इससे उन्हें विद्यालय आवागमन में आसानी रहेगी। इस दौरान राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत ने 2 व राजकीय कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्य सुनीता मधवाल ने 4 बालिकाओ को




रोटरी क्लब की ओर से दी गई साइकिल का वितरण किया। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से साइकिल वितरण के कार्य की सराहना की। इस अवसर पर सचिव ऋषि ऐरन ,कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, अनीत चावला, गोपाल बंसल, वाईपी गिलरा,विजय कुमार माहेश्वरी, धीरजधर बछवाण, दीपक भाटिया, सचिन गोयल, प्रतिभा गुप्ता ,अशोक अग्रवाल ,विजय कुमार अग्रवाल, राजेश गुप्ता और प्रवीण गोयल आदि मौजूद रहे।

## मंदिर समिति के फैसले पर तीर्थ पुरोहितों ने रोष जताया

टिहरी। बदरी केदार मंदिर समिति के नये फैसलों पर तीर्थ पुरोहितों में रोष जताया है। श्री बदरीश पंडा पंचायत ने मंदिर समिति की ओर से तीर्थपुरोहितों पर सीसीटीवी से नजर रखने का तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया है। श्री बदरीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी और कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने मंदिर समिति की ओर से तीर्थ पुरोहित के धार्मिक तथा परंपरागत अधिकारों को सीमित किये जाने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम का जो स्वरूप है, वह तीर्थ पुरोहितों की सैकड़ों पीढ़ियों द्वारा किये गए अथक परिश्रम और प्रयासों का परिणाम है। कहा कि जिस समय बदरीनाथ धाम की यात्रा अत्यन्त कठिन और दुर्गम थी,तब तीर्थ पुरोहित ही पूरे भारत में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए प्रेरित करते थे,

# स्वच्छ जल के साथ मन का स्वच्छ होना भी जरूरी : सुदीक्षा

हरिद्वार। संत निरंकारी मिशन और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सेवादारों ने रविवार को स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के तहत हरकी पैड़ी के घाट की सफाई की।

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत के तहत यह अभियान चलाया गया।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के लिये जागरूक किया। हरिद्वार में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के अतिरिक्त जिले के सेवादल के स्वंय सेवकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्य देश में 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ किया गया।

इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के सभी पदाधिकारी, अतिथि तथा हजारों की संख्या में स्वयंसेवक और सेवादल के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने हमें यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम सब उसे संभाल कर रखें। स्वच्छ जल के साथ साथ मन का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है। इसी भाव के साथ हम संतों वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम की प्रबंध व्यवस्था बहुत ही उत्तम रूप से की गई जिसमें सभी सेवादारों एवं आंगतुकों के बैठने, जलपान, पार्किंग, मेडिकल इत्यादि का समुचित प्रबंध किया गया। स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा।

कार्यक्रम के समापन पर जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने मिशन के कार्यों की प्रशंसा की। निरंकारी सतगुरु माता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु जल संरक्षण एवं जल निकायों की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है।

# हिमाचल के शिक्षा मंत्री ने किए हनोल मन्दिर में महासू देवता के दर्शन

विकासनगर। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने महासू मन्दिर हनोल पहुंचकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा मंत्री बनने के बाद पहली बार पड़ोसी (विधानसभा जुबबल कोटखाई नावर विधानसभा के विधायक) सपरिवार रविवार को हनोल मन्दिर महासू देवता के दर्शन करने पहुंचे।

बेहद निजी कार्यक्रम के तहत हनोल मन्दिर में सपरिवार पूजा अर्चना की।

इस दौरान मन्दिर समिति हनोल ने शिक्षा मन्त्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया समिति ने मन्दिर का फोटो स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किया। शिक्षा मन्त्री रोहित ठाकुर ने मन्दिर समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख राजपाल सिंह, जिला महामन्त्री बलबीर चौहान, मन्दिर समिति सचिव मोहनलाल सेमवाल, प्रबन्धक नरेन्द्र नौटियाल, चतर चौहान, जगतसिह नम्बरदार, पूर्व बीडीसी सोलंग धार स्वर्ण सिंह मुगटा, बीएस चौहान, लायकराम शर्मा, पंकज पुजारी, हरीश चन्द्र नौटियाल, मायाराम डोभाल, जीतराम डोभाल आदि मौजूद रहे।

मिलकर करेंगे सीमावर्ती क्षेत्र का विकासः हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मन्त्री रोहित ठाकुर ने बताया हिमाचल उतराराखंड पड़ोसी राज्य के होने साथ नाते रिश्तेदारी की वजह से गहरे रिश्ते पहले ही रहे। अब पड़ोसी होने के नाते सीमावर्ती विकास दोनों राज्य मिलकर करेंगे। उन्होंने कहा जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग पांवटा से फेडिज पुल रोहडू से सनैल हिमाचल सीमा में तेज गति से डबल लेन सड़क कार्य चल रहा है। हम उतराराखंड सरकार से भी फेडिज पुल से सनैल आराकोट तक चालीस किलोमीटर सड़क डबल लेन सड़क निर्माण कार्य की बातचीत करेंगे। जिससे दोनो प्रदेश को फायदा मिलेगा। साथ–साथ यहां का पर्यटन तीर्थाटन पर भी मिलकर काम करेंगे। जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके।

## केस दर्ज

रुड़की। चोरी के मामले मे पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरचंदपुर निवासी मोनू कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि 24 फरवरी की परिवार की मौजूदगी में घर में चोरी हुई।

## सर्वसम्मति से इंद्रलोक, सिडकुल आर्य समाज का गठन

हरिद्वार। इंद्रलोक यज्ञ कमेटी ने सर्वसम्मति से इंद्रलोक, सिडकुल आर्य समाज का गठन किया। आर्य निर्माति सभा के प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल सिंह एवं प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में इंद्रलोक सिडकुल आर्य समाज का विधिवत सर्वसम्मति से प्रथम चुनाव संपन्न कराया गया। चौधरी देवपाल राठी को सर्वसम्मति से इंद्रलोक सिडकुल आर्य समाज का प्रधान चुना गया। संरक्षक प्रेमचन्द सैनी, उप प्रधान मीनू, मुख्तयार सिंह को मंत्री और जोबिंदरपाल आर्य को उपमंत्री चुना गया। कोषाध्यक्ष अंशु, निरंजन मलिक को चुना गया। नरेन्द्र सिंह तेवतिया पुस्तकालयध्यक्ष, कुलवीर सिंह प्रबन्धक, एमपी सिंह, रणधीर सिंह, कलीरावणा, सुनिल आर्य को बनाया गया। आशुतोष को आर्य वीर दल अधिष्ठाता बनाया गया।

# भाजपा कनखल मंडल की कार्य समिति की हुई बैठक

हरिद्वार। कनखल स्थित संतोषी माता आश्रम में भाजपा कनखल मंडल की कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कार्य समिति में पहुंचे जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि किसी भी संगठन की नींव की ईंट उसका कार्यकर्ता होता है। नींव मजबूत होगी तभी इमारत मजबूत होगी। संगठन तभी मजबूत होगा जब कार्यकर्ता मजबूत होगा। सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की पार्टी की विचारधारा को घर–घर तक पहुंचाना है। सरकार की जनउपयोगी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे यह कार्य कार्यकर्ताओं को करना होगा। यदि हम सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ लाभार्थी को दिला पाएंगे तो तभी सरकार अपने प्रयास में सफल हो पाएगी। विधायक मदन कौशिक ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं पूरी



टीम को बधायी देते हुए आगामी लोक सभा और नगर निगम के चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा।

इस दौरान जिला महामंत्री आशु चौधरी, मंडल अध्यक्ष हीरा बिष्ट, मण्डल महामंत्री अनिमेष शर्मा, महामंत्री मनीष, प्रशान्त शर्मा , मुकुल पराशर, जगजीवन, मनोज शर्मा,लव शर्मा, राजकुमार, कपिल,राघव गुप्ता, अजय ,शिवा, गिरिश नासवा, अखिलेश,अमित, पार्षद शुभम मंदोला, सुरेश शर्मा, प्रशान्त सैनी, सचिन अग्रवाल, एकता गुप्ता, पार्षद सुनील अग्रवाल, नितिन शर्मा, राधे कृष्ण, परमन्दिर, गौरव बागा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धार्मिक पहचान छिपाकर की महिला से शादी, धर्म परिवर्तन कराया

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। महिला से एक मुस्लिम युवक ने धर्म छिपाकर हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। महिला और उसके बच्चे का धर्म बदलने से लेकर उसको जबरन बीफ भी खिलाया। महिला के साथ मारपीट करने के साथ ही उसको जबरन नमाज भी पढ़वाई गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरिद्वार जिले के पथरी क्षेत्र की एक महिला ने दूसरे समुदाय के युवक पर धार्मिक पहचान छिपाकर शादी करने और जबरन धर्मातंरण का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शादी भगवानपुर क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। उसे दो बेटे हैं। पति से घरेलू विवाद के बाद पंचाचत बुलाई गई थी। आपसी सहमति के बाद पंचायत में दोनों ने अलग रहने का समझौता हो गया था। समझौते के बाद महिला अपने मायके में पथरी क्षेत्र के गांव में रह रही थी।महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी मुलाकात जट बहादरपुर निवासी सचिन नामक युवक से हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि सचिन ने उसे अपने प्यार में फंसाकर शादी का झांसा दिया। आरोपी महिला को ज्वालापुर हरिलोक कॉलोनी में एक मौलवी के पास ले गया। वहां उसने अपना असली नाम शोएब बताया।

महिला का कहना था कि शोएब ने उसका जबरन धर्म परिवर्तन भी करवाया कराया। यही नहीं, शोएब पर आरोप लगाया कि उसके चार साल के बेटे का भी जबरन धर्म परिवर्तन करवाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद शोएब ने उसका नाम रेशमा और बच्चे का नाम अरमान अली रखा।कहा कि शोएब उससे जबरन निकाह कर अपने साथ घर ले गया। आरोप लगाया कि युवक ने उसके साथ मारपीट करने के साथ ही बीफ खिलाने का प्रयास भी किया। यहीं नहीं, युवक और उसके पिता नमाज पढ़ने को लेकर उसके साथ रोज मारपीट करने लगे। कई दिन रखने के बाद शोएब महिला को छोड़ कर चला गया।महिला का आरोप है कि युवक उसे हर रोज जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसओ पथरी पवन डिमरी ने बताया कि महिला की शिकायत मिली है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

## ऊर्जा निगम पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

रुड़की। भारतीय किसान संघ ने ऊर्जा निगम पर किसानों का उत्पीड़न कर बिना सूचना दिए बिजली कनेक्शन काटने का आरोप लगाया है। भारतीय किसान संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय त्यागी ने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से किसानों के नलकूप के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इससे किसानों में रोष है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम की ओर से किसानों को पहले कनेक्शन काटने की सूचना दी जाए। उन्होंने बताया कि किसानों को शुगर मिल में सप्लाई किए दो साल के गन्ने का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इससे किसान की आर्थिक स्थिति दयनीय है। उन्होंने कहा कि किसानों की स्थिति को देखते हुए ऊर्जा निगम को बिजली बिल माफ करना चाहिए।

# रुपये उधार न देने पर बुजुर्ग पर हमला

हरिद्वार। रुपये उधार न देने पर आरोपियों ने एक बुजुर्ग पर हमला करते हुए उनका सिर फोड़ दिया। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना रोड़ीबेलवाला चौकी क्षेत्र की है। पुलिस को दी गई शिकायत में खुशबु कश्यप निवासी राजीव नगर बस्ती गोविंदपुरी कालोनी ने बताया कि उसके पिता जगन लाल कश्यप (65 वर्ष) गुरुवार को रोड़ीबेलवाला में चाय की दुकान पर थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहुंचे विमला, वीरेंद्र और अरविंद ने उसके पिता से शराब पीने के लिए दो हजार रुपये उधार देने की बात कही। उसके पिता ने रुपये देने से इंकार कर दिए, जिसके बाद उनके पिता पर हमला कर दिया गया। यही नहीं जेब से दो हजार रुपये भी निकाल गए और डंडे से उसके पिता के सिर पर वार किया। हमले में उसके पिता का सिर फट गया और हाथ की हड्डी भी टूट गई।

आरोप है कि उसके पिता को मरणासन्नवस्था में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। आसपास के लोगों ने उसके पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शहर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## डीएवी कॉलेज में हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी आयोजित

रुड़की। विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय की ओर से डीएवी डिग्री कॉलेज में हरिद्वार की सामाजिक संस्था आस्था ने हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी का मेयर गौरव गोयल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से देश में स्वरोजगार के लिए अनेक सामाजिक योजनाएं बनाई गई हैं।

इनसे शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मेयर ने कहा कि लघु उद्योगों के लिए प्रधानमंत्री ने अनेक आर्थिक सहायता योजनाओं को बैंकों से जोड़ा है, जो देश के इतिहास में मिल का पत्थर साबित हुई हैं। इससे जुड़कर बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर होकर स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम समन्वयक सीपी शर्मा ने बताया सप्ताह भर चलने वाले इस हस्तशिल्प प्रदर्शनी में हाथ से बनी विभिन्न प्रकार की वस्तुएं, जिसमें लकड़ी का सामान, विजया मधुबनी, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## 55 एटीएम कार्ड के साथ युवक गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने विभिन्न बैंकों के 55 एटीएम कार्ड के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया हैं। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने की घटनाएं बढ़ती जा रही थी। बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने शनिवार रात कस्बे के एक एटीएम के पास से संदिग्ध को पकड़ा। थाने लाकर पूछताछ की और तलाशी में अलग–अलग बैंकों के 55 एटीएम कार्ड बरामद हुए।आरोपी सुमित पुत्र विक्रम निवासी चंद्रपुर थाना बड़गांव जिला सहारनपुर ने बताया कि वह भगवानपुर, लक्सर और मंगलौर में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी कर चुका है। पूर्व में देवबंद थाने में भी उसके खिलाफ धोखाधडी का केस भी दर्ज है। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि आरोपी के अपराधिक इतिहास की भी जानकारी निकाली जा रही है।

## स्वयंसेवियों ने जागरूकता रैली निकाली

रुड़की। शंकरपुरी गांव में मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को लगे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुष्पांजलि के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट स्वस्थ भोजन बेहतर जीवन कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने शंकरपुरी गांव में घूम–घूम कर ग्रामीणों को संतुलित और स्वस्थ भोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुद्ध खाना बेहतर और लंबे जीवन का मार्ग होता है। रैली में स्वयंसेवियों ने फास्ट फूड और जंक फूड से दूरी बनाए रखने का संकल्प कराया। विभिन्न नारों के माध्यम से जैसे, स्वास्थ्य ही असली सोना है जो स्वस्थ ही नहीं उसे रोना है, स्वस्थ भोजन बेहतर जीवन, संतुलित भोजन खाएंगे बीमारियों को दूर भगाऐंगे, दाल चावल सब्जी रोटी जीवन की है यही पूंजी आदि के माध्यम से संतुलित भोजन का महत्व बताया।

## जीआरपी ने किया लापता व्यक्ति को मुंबई से बरामद

रुड़की। चार माह से लापता 30 वर्षीय व्यक्ति को मुंबई के अंधेरी से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी को गुमशुदा व्यक्ति के परिजनों ने धन्यवाद किया है। नवंबर 2022 में सुल्ताना निवासी सिकरोड़ा थाना भगवानपुर ने पति गय्यूर अहमद (30) की गुमशुदगी ऋषिकेश थाने में दर्ज कराई थी। मामले की जांच रुड़की जीआरपी चौकी पहुंची थी। जीआरपी थाना (लक्सर) अध्यक्ष ममता गोला के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद रुड़की जीआरपी चौकी प्रभारी संजय शर्मा अपनी टीम के साथ लापता की तलाश में जुट गए। सूचना मिली की लापता गय्यूर अहमद मुंबई के अंधेरी में है।

# मलेशिया जाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया

ऋषिकेश। ऋषिकेश के छह खिलाड़ी 3 से 5 मार्च तक मलेशिया में होने वाली 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।

रविवार को इन खिलाड़ियों को निर्मल आश्रम के महंत ने सम्मानित किया। रविवार को निर्मल आश्रम में इंटरनेशनल शितो रियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए मलेशिया जाने वाले खिलाड़ियों को आश्रम के महंत संत राम सिंह महाराज ने सम्मानित किया। कराटे कोच विश्वनाथ राजपूत ने कहा कि 3 से 5 मार्च को मलेशिया में 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मलेशिया, भारत, श्रीलंका, नेपाल,



भूटान, बांग्लादेश, दुबई, म्यांमार, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया, यूएई सहित कई देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।इस प्रतियोगिता में ऋषिकेश के रेडफोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से तीन खिलाड़ी प्रद्युमन सुरीरा, चिराग और ताजेन्द्र सिंह, अंकुर पब्लिक स्कूल से पार्थ अरोड़ा तथा ओंकारानन्द स्कूल से सार्थक सेमवाल और सीनियर पुरुष वर्ग में करूणानिधि पाण्डेय भी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। यह सभी कराटे खिलाड़ी 28 फरवरी को मलेशिया के लिये रवाना होंगे।

## पतंजलि में फर्जी डॉक्टर बनकर घूम रहा योग का छात्र गिरफ्तार

हरिद्वार। रुड़की–हरिद्वार रोड पर स्थित पतंजलि योगपीठ हॉस्पिटल में पतंजलि आयुर्वेद संस्थान का फर्जी आईडी कार्ड गले में डालकर घूम रहे एक फर्जी डॉक्टर को सिक्योरिटी गार्ड ने पकड़ लिया। पतंजलि योगपीठ के कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने फर्जी आईडी कार्ड बनाने और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। आरोपी युवक एक सरकारी संस्थान में तृतीय वर्ष का योग का छात्र है। पतंजलि योगपीठ हॉस्पिटल परिसर में सक्योिरिटी गार्ड को एक व्यक्ति घूमता हुआ मिला। सिक्योरिटी को युवक ने पूछताछ में अपना परिचय पतंजलि योगपीठ में डॉक्टर के रूप में दिया। सिक्योरिटी गार्ड ने जब हॉस्पिटल में जानकारी जुटाई तो इस नाम का कोई डॉक्टर नहीं था। आईडी कार्ड भी फर्जी था। पतंजलि योगपीठ के कर्मचारी का आरोप है की अन्य लोगों के साथ मिलकर संस्थान का नाम प्रयोग कर फर्जी आईडी कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार कर लोगों से धोखाधड़ी की जाती है। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि रमन पंवार पुत्र सैन निवासी दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट कनखल की शिकायत पर राहुल सिंह पुत्र महेंद्र निवासी गडपुर नगर नवादा बिहार हाल आरोग्यम के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट से जेल भेज दिया है।

## यूजर चार्ज लगाने के विरोध में प्रदर्शन

रुड़की। नगर निगम की ओर से एक मार्च से यूजर चार्ज लिए जाने के फैसले का विरोध करते हुए रामनगर में लोगों ने प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि पहले ही कई टैक्स का बोझ लोगों पर है। अब यूजर चार्ज लगाने का उददेश्य नहीं है। नगर निगम क्षेत्र में अभी कमर्शियल यूजर चार्ज लिया जा रहा है। घरों से अभी यूजर चार्ज नहीं वसूला जा रहा। शनिवार को नगर निगम में नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला ने यूजर चार्ज को लेकर बैठक की। निगम का कहना है कि पिछले बोर्ड में ही यूजर चार्ज लिए जाने का निर्णय हो चुका था। अब तक इसका पूरी तरह पालन नहीं हो पाया था। निर्णय का अब केवल पालन कराया जा रहा। एक मार्च से डोर–टू–डोर यूजर चार्ज वसूलने की तैयारी है। निगम ने यह काम स्वयं सहायता समूहों को दिया है। 28 स्वयं सहायता समूह की करीब 100 महिलाएं यूजर चार्ज लेने के लिए घर–घर जाएंगे। यूजर चार्ज का पच्चीस फीसदी स्वयं सेवी समूहों को दिया जाएगा।

# समाजसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि समाजसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रोटरी क्लब पूरे विश्व में सेवा भाव के साथ कार्य करता है। रविवार को जयराम आश्रम में आयोजित रोटरी क्लब के तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण दिव्यांग शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने शिविर में दिव्यांगों को चश्मे, कान की



मशीन और ट्राई साइकिल वितरित की। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। क्लब अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि रविवार तक 50 से अधिक दिव्यांगों को सहायक उपकरण भेंट किए गए हैं। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने लाभ पाने के लिए पंजीकरण करवाया है।

इस कार्य में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के कमल गुप्ता, सरवण मीमानी, हुलासस गटानी, मोहित, दिल्ली मारवाड़ी युवा मंच के साथ ही ऋषिकेश रोटरी क्लब के सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# रायपुर अधिवेशन का कांग्रेस मंथन

आगामी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अब सरगर्मियां नजर आने लगी हैं। भारतीय जनता पार्टी भले ही 2024 के संसदीय चुनाव में खुद को एक बार फिर जीत की ओर आश्वस्त मानकर आगे कदम बढ़ा रही है तो वही यह तय है कि इस बार कांग्रेस आसानी से भाजपा को सत्ता तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं देगी। याद करें 2019 का लोकसभा का चुनाव, जहां भाजपा ने अपनी जीत के साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी थी और माहौल बनाना शुरू कर दिया था कि 2024 में भी मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को रोकना असंभव है। एक हद तक ऐसा नजर भी आने लगा था लेकिन पिछले वर्ष से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भाजपा के इस विजय रथ पर रोकथाम लगाने का काम तो किया ही है। भाजपा को अब तक लगता था कि 2024 के रण क्षेत्र में उसके आगे कोई चुनौती है ही नहीं लेकिन अब ऐसा नहीं है। तमाम ऐसे जनता से जुड़े हुए मुद्दे हैं इसे लेकर आम जनता केंद्र सरकार से नाराज है जिसे बुलाने का प्रयास ना केवल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किया गया बल्कि एक नेता के तौर पर राहुल गांधी ने खुद को देश के लोगों के आगे स्थापित करने में सफलता भी प्राप्त की है । कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन ने उस यात्रा की दावेदारी को एक श्मोर्चाबंदीश के रूप में पेश करने का काम किया है। यही नहीं रायपुर अधिवेशन में वर्ष 2024 में कांग्रेस की भूमिका को लेकर भी व्यापक मंथन हो रहा है और रणनीति तैयार की जा रही है कि आखिर कैसे भाजपा के विजय पथ पर बाधाएं खड़ी की जाए या फिर कांग्रेस अपने विजय का रास्ता प्रशस्त करें। बात करें कांग्रेस के नेतृत्व को लेकर तो अधिवेशन में यह भी संकेत मिले हैं कि इस बार वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में राहुल गांधी को दावेदार के तौर पर घोषित किया जा सकता है। निश्चित तौर पर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आम जनता के जीवन से जुड़े मुद्दों को टूने की कोशिश की तो वहीं उन्होंने रायपुर अधिवेशन में खुद को गरीबों के समान बताते हुए खुद को उनके समकक्ष खड़ा किया। हालांकि इस सबके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी लहर को रोकने के लिए केवल एक राहुल गांधी का मजबूत होना ही काफी नहीं रहेगा बल्कि इसके लिए कांग्रेस की पूरी टीम को बेहतर तरीके से प्रबंधन नीति के तहत काम करना होगा। भाजपा ने भले ही 2019 से ही 2024 चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारियां शुरू कर दी थी लेकिन एक बड़ा सच यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की लहर के बावजूद भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में 37.43 प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाई थी। इसके मायने यह हुए की लगभग 63-64 प्रतिशत गैर-भाजपाई विचारधारा के मतदाताओं की पसंद दूसरे दल रहे। कांग्रेस के लिए यह आंकड़े मददगार साबित हो सकते हैं क्योंकि यदि कांग्रेस और उसके समर्थक दलों ने इन वोटरों पर ध्यान केंद्रित किया तो भाजपा के लिए निश्चित तौर पर सत्ता की हैट्रिक बनाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। हालांकि मोदी-शाह के तिलिस्म को तोड़ना कोई आसान काम नहीं है वह भी उन परिस्थितियों में जावे पूरा तंत्र भाजपा के गुणगान में लगा हुआ हो। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस संभावित तौर पर इस बार लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी और उम्मीद की जा सकती है कि परिणाम आसानी से किसी की झोली में उतरने वाले नहीं है।

# बाबाओं का हिन्दू राष्ट्र

**साधु-संतों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी प्रतीकात्मक श्धर्म संसदश का आयोजन किया था, ताकि हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को और गरमाया जा सके। आश्चर्य तब हुआ, जब उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि भारत को शहिन्दू शराष्ट्रश बनाने से परहेज नहीं होना चाहिए। वह मानते हैं कि भारत अपनी आत्मा और संसति से शहिन्दू राष्ट्रश ही है। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत विभिन्न मुद्दों के सन्दर्भ में मानते रहे हैं। कि जिसका जन्म हिन्दुस्तान में हुआ है और इसी देश का नागरिक है, उसकी धार्मिक पूजा- पद्धति कुछ भी हो, वे मूलतरू शहिन्दूश ही हैं। संघ प्रमुख मुसलमानों को भी हिन्दूमानते रहे हैं, जबकि मुस्लिम नेता, मुल्ला-मौलवी और औसत मुसलमान को भी ऐसी हिन्दू- अवधारणा पर सख्त ऐतराज है।**




**अजय दीक्षित**

बागेश्वर धाम के बाबा धीरेन्द्र शास्त्री आजकल एक महायज्ञ कर रहे हैं । महायज्ञ में अनेक साधु-संत मंत्रोच्चारण कर हवन कुण्ड में आहुति डाल रहे हैं । बागेश्वर बाबा अपने दरबार में नारे लगवा रहे हैं कि भारत शहिन्दू राष्ट्रश बनकर रहेगा। उनके आह्वान पर उपस्थित भीड़ शहिन्दू राष्ट्रश पर अपनी सहमति देती है। बाबा ने यह भी खुलासा किया है कि संसद में शहिन्दू राष्ट्रश पर जल्द ही कुछ होने वाला है। जहां तक हमारी सूचना है, सरकार की कार्य-सूची में ऐसा कोई एजेण्डा नहीं है। वैसे भी मार्च तक संसद अवकाश पर है। उसके बाद बजट के शेष सत्र के दौरान यह स्पष्ट हो जायेगा कि शहिन्दू राष्ट्रश पर क्या होने वाला है? हमारा मानना है कि भोली और धर्मांध जनता को बरगलाया और उकसाया जा रहा है। यह परोक्ष रूप से एक चुनावी एजेण्डा भी साबित हो सकता है। बहरहाल साधु-संतों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी प्रतीकात्मक श्धर्म संसदश का आयोजन किया था, ताकि हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को और गरमाया जा सके। आश्चर्य तब हुआ, जब उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि भारत को शहिन्दू शराष्ट्रश बनाने से परहेज नहीं होना चाहिए। वह मानते हैं कि भारत अपनी आत्मा और संसति से शहिन्दू राष्ट्रश ही है। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत विभिन्न मुद्दों के सन्दर्भ में मानते रहे हैं। कि जिसका जन्म हिन्दुस्तान में हुआ है और इसी देश का नागरिक है, उसकी धार्मिक पूजा- पद्धति कुछ भी हो, वे मूलतरू शहिन्दूश ही हैं। संघ प्रमुख मुसलमानों को भी हिन्दूमानते रहे हैं, जबकि मुस्लिम नेता, मुल्ला-मौलवी और औसत मुसलमान को भी ऐसी हिन्दू- अवधारणा पर सख्त ऐतराज है। दरअसल भारत संवैधानिक तौर पर शहिन्दू राष्ट्रश बन ही नहीं सकता, बेशक यहां की फीसदी से अधिक आबादी हिंदू है अथवा हिन्दुओं के साथ अपना सहज और स्वाभाविक धर्म महसूस करती रही है। दूसरे, संविधान के अनुच्छेदों से तक में धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की स्पष्ट व्याख्या है। यानि कोई भी नागरिक किसी भी धर्म का पालन कर सकता है। एक निश्चित पूजा-पद्धति में आस्था रख सकता है। अपने आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार कर सकता है। बेशक बाद में जोड़ी गई, लेकिन संविधान की प्रस्तावना में ही स्पष्ट है कि भारत एक श्पंथनिरपेक्षश देश है । हालांकि संविधान के मूल ग्रंथ में श्रीराम के दरबार का चित्र है। राजा विक्रमादित्य के दरबार, बौद्ध सम्राट अशोक, अर्जुन को श्रीष्ण का गीता उपदेश, महाभारत, भगवान महावीर स्वामी, भगीरथ और गंगा अवतरण, छत्रपति शिवाजी, महाबलीपुरम मंदिर और महात्मा गांधी की श्दांडी यात्राश आदि की तस्वीरें भी प्रकाशित की गई हैं । मुगल बादशाहों में अकबर की तस्वीर हो दिखाई देती है । ज्यादातर तस्वीरें सनातन धर्म और उसकी घटनाओं से जुड़ी हैं । महाराजाओं और शासकों की भी तस्वीरें ऐसी छापी गई हैं, जो हिन्दू धर्म से जुड़े थे अथवा उसमें आस्था रखते थे। वे वैदिक संसति के भी पक्षधर थे, लिहाजा श्वैदिक गुरुकुलश की तस्वीर भी संविधान के ग्रंथ में छापी गई है। प्रथमद्रष्ट्या सोच सनातनी ही लगती है। यह ग्रंथ भी प्राचीन नहीं है, के आसपास छापा गया था। सिर्फ इन्हीं के आधार पर भारत को शहिन्दू राष्ट्रश घोषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश संविधान और संसद से चलता है। यदि फिर भी शहिन्दू शराष्ट्रश बनाने की कोई कोशिश की जाती है, तो वह भयंकर विघटनकारी होगी। बेशक संसद के दोनों सदनों में भाजपा और उसके समर्थक दलों का पर्याप्त बहुमत है, लेकिन ऐसे मुद्दे बहुमत से तय नहीं किए जा सकते। शहिन्दू शराष्ट्रश का शोर मचाने के हासिल क्या होंगे? भारत विकास के पथ पर बढ़ रहा है, और भी गति से बढना होगा, ताकि विश्व में हम और भी ऊंचा स्थान प्राप्त कर सकें। हमारे देश में अब भी आर्थिक और सामाजिक विसंगतियां, विषमताएं भी हैं। कमोबेश उनसे लडकर कम करने के प्रयास भी किये जाने चाहिए। हिंदू धर्म यह नहीं सिखाता कि विसंगतियां बरकरार रहें और धार्मिक शोर बढ़ता जाए। पंथनिरपेक्षता हमारी मार्गदर्शक है ।

# रात के समय होती है सिर में खुजली? इन तरीकों पाएं छुटकारा



यदि रात में सिर में खुजली होना आपके लिए एक सामान्य है तो आपको बता दें कि यह स्थिति जल्दी से अधिक गंभीर हो सकती है। स्कैल्प को तेजी से खुजलने से बालों के रोमछिद्रों को नुकसान हो सकता है और बालों के टूटने और झडने का कारण बन सकता है। आइए आज हम आपको रात में होने वाली सिर की खुजली को दूर करने के लिए तरीके बताते हैं।

**सेब के सिरके का करें इस्तेमाल**

सेब का सिरका अपने एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुणों के लिए जाना जाता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक स्प्रे बोतल को आधा सेब का सिरका और आधा पानी भर लें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें। जब भी आपकी स्कैल्प में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।

**पेपरमिंट एसेंशियल अयल करेगा मदद**

पेपरमिंट एसेंशियल अयल का स्कैल्प पर ठंडा प्रभाव पड़ता है, जो सिर की खुजली को दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए पेपरमिंट एसेंशिल अयल की बूंदें और नारियल या जैतून के तेल की बूंदें मिलाकर सिर में लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। मिनट बाद सिर को पहले शैंपू से साफ करें और फिर इस पर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। इससे आपको खुजली से तत्काल राहत मिलेगी।

**टी ट्री अयल भी है प्रभावी**

टी ट्री अयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव होता है। यह स्कैल्प की खुजली या जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए टी ट्री अयल की - बूंदों को मीठे बादाम या जोजोबा तेल की बूंदों के साथ मिलाएं और इसे अपने सिर में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। कुछ देर बाद सिर धो लें। वैकल्पिक रूप से आप टी ट्री अयल वाले शैंपू और अन्य उत्पादों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**लैवेंडर का तेल भी है कारगर**

लैवेंडर का तेल सिर की खुजली और स्कैल्प का रूखापन दूर करने में काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लैवेंडर के तेल की बूंदों को जैतून के तेल की बूंदों के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाकर मालिश करें। से मिनट के बाद अपने सिर को शैंपू और कंडीशनर से धो लें। हफ्ते में बार इस उपाय को दोहराएं।

**मेडिटेशन करें**

कई शोध के मुताबिक, मेडिटेशन चिंता और तनाव को कम कर सकता है। इससे सिर की खुजली को दूर करने में काफी मदद मिलती है। इसलिए आप रात में अपने स्कैल्प को खुजली से बचाने के लिए मेडिटेशन भी आजमा सकते हैं, लेकिन यदि खुजली बनी रहती है तो पूर्ण उपचार के विकल्पों के लिए ट्राइकोलजिस्ट से परामर्श करें। इसका कारण है कि खुजली के पीटे कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी हो सकती है।

# विपक्ष की आपस में जोर आजमाइश



कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को भाजपा से लडना है लेकिन उससे पहले सारी विपक्षी पार्टियां आपस में लड़ कर स्कोर सेटल करने में लगी हैं। इसलिए भाजपा से लडने से पहले आपसी जोर आजमाइश हो रही है। अगले दो महीने में दो ऐसे बड़े कार्यक्रम होने वाले हैं, जिसमें कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के नेता के चंद्रशेखर राव और कांग्रेस एक- एक शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं और सबने देखा कि केसीआर ने कांग्रेस को मात दी थी। अब दोनों के बीच दूसरा शक्ति प्रदर्शन होने वाला है। पहले केसीआर ने खम्मम में विपक्ष की रैली की थी, जिसमें विपक्षी नेताओं के साथ साथ चार मुख्यमंत्री शामिल हुए थे पर कांग्रेस की कश्मीर रैली में कोई विपक्षी मुख्यमंत्री या नेता शामिल नहीं हुआ।

अब कांग्रेस अपनी सहयोगी डीएमके के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने जा रही है तो दूसरी ओर केसीआर एक बार फिर अपनी ताकत का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। पहले कांग्रेस और डीएमके का प्रदर्शन होगा। एक मार्च को डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का जन्मदिन है। वे साल के हो रहे हैं और इस मौके पर उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। चेन्नई में होने वाले जन्मदिन समारोह में कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शामिल होंगे।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें भारत राष्ट्र समिति के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नहीं बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि स्टालिन कांग्रेस को ध्यान में रख कर इन नेताओं से सहमति बनाते हुए इनको नहीं बुलाया।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नहीं बुलाया गया है। वह भी आपसी सहमति से हुआ पर दलील यह दी गई है कि उनका भी जन्मदिन एक मार्च को ही है। वे स्टालिन से दो साल बड़े हैं। सो, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस और जदयू के अलावा बाकी सारी विपक्षी पार्टियां आमंत्रित हैं और जुटेंगी भी। वह एक तरह से कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन है।

इसके जवाब में के चंद्रशेखर राव अप्रैल को डक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर अपने राज्य में एक बड़ा जलसा करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें वे कांग्रेस को छोड़ कर बाकी सभी पार्टियों के नेताओं को बुला रहे हैं। कहा जा रहा है कि विपक्षी एकता बनाने के लिए वे विपक्ष की तमाम पार्टियों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद एक रैली भी होगी।

इसमें डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, जेएमएम, सपा, जेडीएस, आम आदमी पार्टी और सीपीएम, सीपीआई सहित लगभग सभी विपक्षी पार्टियों को बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि इसमें आधा दर्जन मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। एमके स्टालिन, पिनरायी विजयन, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन इन सबके शामिल होने की संभावना है।

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नहीं बुलाया गया है। वह भी आपसी सहमति से हुआ पर दलील यह दी गई है कि उनका भी जन्मदिन एक मार्च को ही है। वे स्टालिन से दो साल बड़े हैं। सो, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस और जदयू के अलावा बाकी सारी विपक्षी पार्टियां आमंत्रित हैं और जुटेंगी भी। वह एक तरह से कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन है।**

**इसके जवाब में के चंद्रशेखर राव अप्रैल को डक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर अपने राज्य में एक बड़ा जलसा करने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें वे कांग्रेस को छोड़ कर बाकी सभी पार्टियों के नेताओं को बुला रहे हैं। कहा जा रहा है कि विपक्षी एकता बनाने के लिए वे विपक्ष की तमाम पार्टियों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद एक रैली भी होगी।**

**इसमें डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, जेएमएम, सपा, जेडीएस, आम आदमी पार्टी और सीपीएम, सीपीआई सहित लगभग सभी विपक्षी पार्टियों को बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि इसमें आधा दर्जन मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। एमके स्टालिन, पिनरायी विजयन, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, नीतीश कुमार और हेमंत सोरेन इन सबके शामिल होने की संभावना है।**

# बस अच्छा-अच्छा देखो!



**प्रो. रबिनी की बातों में से सकारात्मक पक्ष निकाल कर उस पर संपादकीय लिखे गए हैँ। जबकि अगर उनके पूरे इंटरव्यू पर गौर किया जाए, तो उससे भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद कठिन चुनौतियों पर रोशनी पड़ती है और साथ ही कई मामलों में भारत सरकार की नीतियों की आलोचना भी उसमें मौजूद है। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) जैसी सरकारी नीतियां क्यों ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर पा रही हैं, इसकी वजहें प्रो. रबिनी ने बताई हैँ।**

भारतीय मीडिया के एक हिस्से ने जिस तरह इंटरव्यू में से भारतीय अर्थव्यवस्था की सकारात्मक छवि निकालने की कोशिश की है, वह हैरतअंगेज तो है, लेकिन उससे भी ज्यादा यह अफसोसनाक है।

नौरील रबिनी न्यूयर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल अफ बिजनेस में प्रोफेसर हैं। अभी हाल में वे अपनी किताब मेगा थ्रेट्स बियोंड के प्रकाशन के साथ चर्चित हुए हैं। इसके अलावा विश्व कारोबार में डलर का वर्चस्व संबंधी उनके अनुमान ने भी उन्हें चर्चा में बना रखा है। प्रो. रबिनी ने एक भारतीय टीवी चौनल को इंटरव्यू में दिया। उसमें उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान और संभावनाओं का एक ठोस आकलन उन्हें प्रस्तुत किया है। लेकिन भारतीय मीडिया के एक हिस्से ने जिस तरह उनकी बातों में से भारतीय अर्थव्यवस्था की सकारात्मक छवि निकालने की कोशिश की है, वह हैरतअंगेज तो है, लेकिन उससे भी ज्यादा यह अफसोसनाक है। मसलन, प्रो. रबिनी का अनुमान सुर्खियों में आया है कि भारत लंबे समय तक से प्रतिशत तक वृद्धि दर हासिल करने में सक्षम है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि ऐसा करने के लिए भारत को नीतियों और स्थितियों में क्या बदलाव लाना होगा। इसी तरह उनकी ये बात सुर्खी बनी है कि का-रोबार की नई मौद्रिक व्यवस्था में भारतीय रुपया भी रिजर्व करेंसी के रूप में उभरेगा। जबकि प्रो. रबिनी ने असल में कहा यह है कि भारत का विभिन्न देशों को जो आयात-निर्यात होगा, उस हिस्से का भुगतान रुपये में भी होगा।

यह प्रकरण इसलिए महवपूर्ण है कि भारतीय मीडिया आज इसी तरह आधी सूरत दिखा कर भारत में हेडलाइन मैनेजमेंट का हिस्सा बना हुआ है। प्रो. रबिनी की बातों में से सकारात्मक पक्ष निकाल कर उस पर संपादकीय लिखे गए हैँ। जबकि अगर उनके पूरे इंटरव्यू पर गौर किया जाए, तो उससे भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद कठिन चुनौतियों पर रोशनी पड़ती है और साथ ही कई मामलों में भारत सरकार की नीतियों की आलोचना भी उसमें मौजूद है। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) जैसी सरकारी नीतियां क्यों ज्यादा कुछ हासिल नहीं कर पा रही हैं, इसकी वजहें प्रो. रबिनी ने बताई हैँ। दरअसल, अगर उनकी बातों को सही संदर्भ में लिया जाए, तो भारत की संभावनाओं को हासिल करने के लिए जरूरी नीतिगत परिवर्तनों का एक खाका उसमें मौजूद है। लेकिन भारतीय मीडिया की बलिहारी है कि उसने प्रो. रबिनी को भारत के च्फैन्स क्लबज् के सदस्य के रूप में पेश कर दिया है।

# च्युइंग गम चबाना सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद, जानिए इससे मिलने वाले प्रमुख फायदे

बहुत से लोग च्युइंग गम इसलिए चबाते हैं ताकि वह सांस की बदबू से टुटकारा पा सकें। वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो सिर्फ कूल दिखने के लिए च्युइंग गम चबाते हैं। हालांकि, हजारों साल पहले से इसका इस्तेमाल दांतों को साफ करने और भूख शांत करने के लिए होता आ रहा है। इसके अलावा भी च्युइंग गम चबाने के कई फायदे हैं, जिनके बारे में आप नहीं जानते होंगे तो आइए आज इससे जुड़े फायदे जानते हैं।

**याददाश्त में सुधार करने में है मददगार**

च्युइंग गम चबाने से कमजोर याददाश्त में काफी हद तक सुधार होता है। दरअसल, यह मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे महत्वपूर्ण जानकारियां याद रखने में मदद मिलती है। प्रोफेसर एंड्रयू शोले ने अपने शोध में पाया कि च्युइंग गम चबाकर शर्ट-टर्म मेमोरी को प्रतिशत तक सुधारा जा सकता है। इसके अलावा पुदीने और अनानास के स्वाद वाली च्युइंग गम ध्यान और कग्निटिव क्षमता को बढ़ाने के लिए मददगार होती हैं।

**सीने की जलन को कम करने में है सहायक**

एसिड रिफ्लक्स के कारण कई बार खाना खाने के बाद सीने में जलन या दर्द महसूस होने लगता है। इसके बचाव के लिए च्युइंग गम चबाया जा सकता है, क्योंकि यह निगलने की प्रक्रिया को तेज करता है और पेट से एसिड को साफ करता है। दरअसल, जब च्युइंग गम चबाया जाता है तो लार ज्यादा बनती है। इससे दांतों की सडन और एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली मुंह के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है।

**उल्टी की समस्या को दूर करने में है कारगर**

जब भी उल्टी या मिचली जैसा महसूस होता है तो ऐसे समय पर पुदीने वाली च्युइंग गम इससे राहत दिलाने में काफी मदद कर सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जिन महिलाओं को सर्जरी के बाद बीमार और अजीब महसूस हुआ और उन्हें चबाने के लिए पेपरमिंट च्युइंग गम दिया गया, उन्हें उल्टी से राहत मिली। इसके अलावा मोशन सिकनेस के कारण पेट खराब होने पर शुगर-फ्री और अदरक के स्वाद वाली च्युइंग गम चबाना काफी प्रभावी है।

**वजन कम करने में है प्रभावी**

च्युइंग गम चबाने से रोजाना उपभोग की जाने वाली अतिरिक्तकैलोरी को आसानी से कम किया जा सकता है। इसे चबाने से बाहर का खाना खाने का मन कम हो जाता है, क्योंकि यह क्रेविंग को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा इससे भूख को भी नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी। रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के शोध के मुताबिक, जो लोग च्युइंग गम चबाते हैं, वे प्रतिशत कम कैलोरी लेते हैं।

**तनाव और चिंता को भी करती है कम**



खराब जीवनशैली की वजह से तनाव और चिंता महसूस करना आम हो गया है। इससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, च्युइंग गम चबाने से तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, जिन लोगों ने दिनों तक दो बार च्युइंग गम चबाया है, उनकी चिंता उन लोगों की तुलना में काफी कम थी, जो च्युइंग गम नहीं चबाते थे।

## वीर सावरकर को भारत रत्न मिले न मिले, वे वैसे ही देश के रत्न हैं : फडणवीस

**इंदौर,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में गत दिवस बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 70वें अधिवेशन की शुरुआत हुई। सम्मेलन में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। इस दौरान फडणवीस के सामने अलग-अलग प्रांतों से आए मराठी भाषियों ने नारे लगाए कि वीर सावरकर को भारत रत्न मिलना चाहिए। इसके बाद फडणवीस ने अपने भाषण में कहा कि वीर सावरकार को भारत रत्न मिले न मिले, वे वैसे ही देश के रत्न हैं। वे किसी पुरस्कार के मोहताज नहीं हैं। फिर भी महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। ताकि वह भारत रत्न रहे हमारे सावरकर को अधिकारिक भारत रत्न दिया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान में दोहरी मार, अब मेडिकल एमरजेंसी, अस्पतालों में इन्जेक्शन व दवाएं खत्म

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देखा जा रहा है कि पाकिस्तान में खाने पीने की चीजों को लेकर लाले पड़े हुए है। अब पाकिस्तान में हेल्थकेयर सिस्टम पर भी आंच आ पहुंची है। खाने पीने की चीजों के बाद अब लोगों को जरूरी दवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पाकिस्तान की श्फरेन रिजर्व गर्त में जा चुका है जिसके वजह से जरूरी दवाओं या फिर दवा बनाने वाले जरूरी सामानों का आयात नहीं हो पा रहा है। अस्पतालों में सर्जरी व अपरेशन थिएटर में सिर्फ दो हफ्ते की दवाएं बची है।

सूचना के आधार पर जानकारी है कि दवाइयों की कमी की मार न सिर्फ मरीजों पर पड़ेगी बल्कि बहुत से लोगों की रोजगार भी छिनेगी।

दवा निर्माताओं ने अर्थव्यवस्था को जिम्मेदार बताते हुए कमर्शियल बैंकों पर आरोप लगाया है कि वे दवा के आयात के लिए क्रेडिट जारी नहीं कर रही हैं। मालूम हो कि पाकिस्तान की दवा उत्पाद लगभग 95प्रतिशत आयात पर निर्भर हैं, जिनमें से चीन और इंडिया से आयात प्रमुख है लेकिन बैंकों द्वारा क्रेडिट जारी नहीं किया जाना, पाकिस्तान की मुद्रा की अवमूल्यन और विदेशी मुद्रा भंडार ने पाकिस्तानी दवा उत्पादकों को उत्पादन में कमी करने पर मजबूर कर दिया है। एक दवा निर्माता कंपनी ने बताया कि विदेश से इम्पोर्ट की गई दवा कराची पोर्ट पर पड़ी हुई है हम उसे इसलिए नहीं ला सकते है क्यूंकि बैंकिंग सिस्टम में डलर की कमी है, यातायात महंगा हो चुका है और लगातार पाकिस्तानी रुपए का अवमूलयन अंतराष्ट्रीय बाजार में हो रहा है।

## पाकिस्तान का हुक्का-पानी होगा बंद!

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार भारतीय मूल की निक्की हेली ने चीन और पाकिस्तान पर जमकर गुस्सा निकाला है। साल 2024 के लिए रिपब्लिकन नेता हेली ने कहा कि चीन, पाकिस्तान और अन्य अमेरिकी विरोधी देशों को दी जाने वाली विदेशी सहायता में कटौती की जाएगी। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर सत्ता में आती हैं तो वह अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को मिलने वाली विदेशी सहायता में रोक लगा देंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आगे कहा कि श्इसमें चीन, पाकिस्तान और अन्य विरोधी शामिल हैं क्योंकि श्एक मजबूत अमेरिका बुरे लोगों को भुगतान नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा श्मैं अपने दुश्मनों को भेजी जाने वाली विदेशी सहायता में एक-एक पाई की कटौती करूंगी। निक्की हेली ने आगे कहा श्एक गर्वित अमेरिका हमारे लोगों की गाढ़ी कमाई बर्बाद नहीं कर सकता है। और वही नेता हमारे भरोसे के लायक हैं जो हमारे दुश्मनों के सामने डट कर खड़े होते हैं।

### पीएम मोदी ने मन की बात में कहा

# मेडिकल कंसल्टेशन ऐप की पहुंच भारत की डिजिटल क्रांति की ताकत को दर्शाती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि ई-संजीवनी एप भारत की डिजिटल क्रांति की ताकत को दर्शाता है, जो अनलाइन चिकित्सा परामर्श की सुविधा प्रदान करता है। अपने मासिक श्मन की बातश प्रसारण में पीएम मोदी ने कहा कि यह ऐप आम आदमी, मध्यम वर्ग या दूरदराज के इलाकों में रहने वालों के लिए जीवन सुरक्षा ऐप बन रहा है।




उन्होंने कहा,श्यह भारत की डिजिटल क्रांति की ताकत है।श पीएम मोदी ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई ) और सिंगापुर के पेनाउ के बीच हाल के समझौते का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक डक्टर और एक मरीज से बात की और इस बात पर प्रकाश डाला कि चिकित्सा परामर्श प्रदान करने में ऐप कितना मदद्गार साबित हुआ है।पीएम ने कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। भारत के लोगों ने कैसे तकनीक को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है, यह इसका जीता-जागता उदाहरण है। हमने देखा है कि कोरोना काल में ई-संजीवनी ऐप लोगों के लिए बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ है।

अपने संबोधन में, मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों द्वारा अपनाए गए स्वच्छता अभ्यासों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि स्वच्छ भारत एक जन आंदोलन बन गया है।

उन्होंने कहा, अगर हम संकल्प लें तो हम स्वच्छ भारत की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को भी उन्होंने अपने संबोधन में रेखांकित किया।

मोदी ने कहा कि देश की ताकत समाज की ताकत से बढ़ती है, प्रसारण में भारतीय खेलों और खिलौनों के उल्लेख के बाद उनकी रुचि में बड़ी वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलौनों का इतना क्रेज है कि विदेशों में भी उनकी मांग बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को एकता दिवस के रूप में मनाई जाने वाली सरदार पटेल की जयंती पर देशभक्ति गीत, लोरी और रंगोली से संबंधित तीन प्रतियोगिताएं शुरू की गईं, जिसमें 700 से अधिक जिलों के पांच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कुछ विजेता प्रविष्टियों की भी चर्चा की, जिनमें श्उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कारश प्राप्त करने वाले भी शामिल थे। पीएम मोदी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि ये सभी कलाकार प्रदर्शन कलाओं को और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में जमीनी स्तर पर सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

## बेटी की शादी के लिए 25 लाख का कर्ज, नहीं चुका पाया तो पूरे परिवार ने कर ली खुदकुशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक में हावुर जिले के तोंदूर गाँव में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बेटी की शादी के लिए 25 लाख रुपये लोन लिया गया था। परिवार लगातार कोशिश कर रहा था कि यह कर्ज चुकता हो जाएँ, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कर्ज से परेशान परिवार ने खौफनाक कदम उठा लिया। इस परिवार के तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वालो में बेटी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी की लाशों को बरामद कर लिया हैं।

लाशों को पीएम के लिए रवाना कर दिया गया हैं। मृतकों की पहचान हनुमांथा गौड़ा पाटिल (54), उनकी पत्नी ललिता (50) और उनकी विवाहित बेटी नेत्रा (22) के रूप में पुलिस ने दी।हनुमांथा गौड़ा पाटिल की बेटी की आठ माह पहले ही शादी हुई थी। एसपी शिवकुमार गुनरे ने कहा हुनमांथा गौड़ा ने 25 लाख रुपये का लोन लिया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गौशाला के निर्माण पर लगाई रोक

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुजफ्फरनगर में गौ अभ्यारण्य के निर्माण पर रोक लगा दी है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने आवारा पशुओं के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए 70 करोड़ रुपये की लागत से गौशाला बनाने का प्रस्ताव दिया था।

परियोजना के खाके पर काम कर रहे मुजफ्फरनगर के सांसद ने इसे श्यूपी में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट करार दिया था।

एक षि-आधारित फर्म डीएस एग्रो डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका के बाद स्टे अर्डर जारी किया गया। फर्म ने दावा किया है कि मुजफ्फरनगर के पुरकाजी प्रखंड के मेघा चंदन गांव में अभ्यारण्य के लिए निर्धारित 52 हेक्टेयर क्षेत्र में कुछ जमीन कंपनी की है।परियोजना बजट राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था, और अदालत के स्थगन आदेश के बाद, मुजफ्फरनगर में जिला प्रशासन एक जवाबी हलफनामा दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

बालियान ने कहा, हम इस मामले को कोर्ट में लड़ेंगे। अगर कोई जमीन के कुछ हिस्से पर मालिकाना हक का दावा कर रहा है तो इसकी जांच की जाएगी। मुजफ्फरनगर के किसान सरकार के साथ हैं और गौ अभ्यारण्य बनाना चाहते हैं। आने वाले दिनों में आप गौ अभ्यारण्य का निर्माण कार्य देखेंगे।

सदर के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) परमानंद झा ने कहा, डीएस ग्रुप ने कुछ तथाकथित मालिकों से जमीन खरीदी थी, जो कुछ सरकारी जमीन लीज पर दे रहे थे। हाईकोर्ट के जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की बेंच ने स्टे अर्डर जारी किया है और सुनवाई की अगली तारीख 15 मार्च होगी। हम जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे।बालियान ने जिले में गाय अभयारण्य परियोजना की घोषणा की थी और कहा था कि एक बार बन जाने के बाद इसमें 5,000 से अधिक आवारा पशुओं को रखा जा सकेगा।

## तरक्की की उड़ान भरने को तैयार है इंडिया,ज़र्मन सीईओ ने भारत की तारीफों के बांधे पुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कई जर्मन कंपनियों के सीईओ ने शनिवार को श्मेक इन इंडिया पहल के तहत नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। बैठक के बाद जर्मनी की कंपनियों के सीईओ भारत के विकास की कहानी के मुरीद हो गए। इस बैठक में जर्मन कंपनियों के लिए भारत में शिक्षा और व्यापार के अवसरों को बढ़ाने के बारे में चर्चा की गई। इस बैठक के बाद टीयूवी नर्ड के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डर्क स्टेनर्केप ने कहा कि भारत बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढने वाले देशों में सबसे आगे है। इंडिया आज उस मुकाम पर है, जहां से वह आर्थिक विकास की एक नई उड़ान भर सकता है।

स्टेनर्केप ने कहा कि श्मैं शुरू से ही मेक इन इंडिया पहल के बारे में जानता हूं और हम भारत आने और भारत में उत्पादन शुरू करने के लिए कई जर्मन कंपनियों का समर्थन कर रहे हैं। भारत ने मेक इन इंडिया का हिस्सा बनने के लिए जर्मन मित्तलस्टैंड में एक पहल चल रही है। इसके साथ ही कई छोटे और मध्यम आकार के जर्मन उद्यमों में भारत आने और मेक-इन-इंडिया का हिस्सा बनने के लिए भी एक पहल चल रही है। उन्होंने कहा कि भारत में ग्रोथ और बिजनेस के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। स्टेनर्केप के अलावा तीन और कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मोदी के साथ बैठक में हिस्सा लिया।

उनमें से एक रेथमैन कंपनी के सीईओ क्लेमेंस रेथमैन ने कहा कि भारत में कौशल और प्रतिभा है। इन संसाधनों का उपयोग करना सौभाग्य है और भारत उत्पादन की दुनिया में बड़ा हो जाएगा।

## हादसे में मामा-भांजे की मौत

**चित्रकूट (एजेंसी)ी ।** कोतवाली कर्वी के देवांगना घाटी के पास ट्रैक्टर और मोटरबाइक में भिडन्त होने से तीन लोग घायल हो गये। हादसे में मामा-भांजे की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शवों को मर्चरी भेजा है। ट्रैक्टर चालक फरार है।

ये हादसा शनिवार को देर रात कोतवाली कर्वी के देवांगना घाटी में हुआ। बताया गया कि सिलौटा बुजुर्गकला गांव का तीरथ पुत्र लाल अपने भांजे पंकज पुत्र इन्द्रजीत निवासी तुर्रा थाना बदौसा के साथ भैरमबाबा भंडारा खाने गया था।

भंडारा से लौटते समय मोटरबाइक में सवार तीन लोग घर जा रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में तीसरा बाइक सवार बुद्धराज घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया है।मृतक तीरथ एलएलबी कर रहा था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

### प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ा झटका

# सहयोगी पार्टी आरपीपी का समर्थन वापस लेने का फैसला

**काठमांडू, एजेंसी।** राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने राजनीतिक समीकरण में बदलाव का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। आरपीपी नेपाल में सत्तारूढ़ सात दलों के गठबंधन में प्रमुख साझेदार है। शनिवार को आरपीपी के चार मंत्रियों ने प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। इनमें पार्टी के अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री राजेंद्र लिंगडेन भी शामिल थे।



नेपाल के एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय कार्यकारी समिति और सांसदों के बीच शनिवार को संयुक्त बैठक हुई। बैठक में प्रचंड नीत सरकार और प्रांतीय सरकारों से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया गया। आरपीपी के प्रवक्ता मोहन कुमार श्रेष्ठ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, राजनीतिक समीकरणों में अचानक आए बदलाव और सत्तारूढ़ सरकार के भीतर सहयोग को देखते हुए आरपीपी ने सरकार को छोड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट में उनके बयान के हवाले से कहा गया, ष्हमने सरकार को दिए गए समर्थन को वापस लेने का फैसला किया है, और आज से सरकार छोड़ दी है। पार्टी प्रांतीय सरकारों के मामले में भी यही विश्वास रखती है, इसलिए सरकारों को दिए गए समर्थन को वापस लेने का फैसला किया है।ष

275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा (संसद) में आरपीपी 14 सीटों के साथ पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री प्रचंड ने सत्तारूढ़ गठबंधन के बाहर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन कर सत्तारूढ़ गठबंधन को झटका दिया है। अगले महीने की शुरूआत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव ने सात दलों के सत्तारूढ़ गंठबंधन के भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिया है।

## मैनपुरी में 250 घरों को तोडने का दिया गया नोटिस

**मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के डूब क्षेत्र में बने लगभग 250 घरों को अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की ओर से तोडने का नोटिस दिया गया है। चूंकि क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए अधिकारियों ने अवैध निर्माण के लिए स्पष्टीकरण की मांग करते हुए घरों पर नोटिस चस्पा कर दिए।

एसडीएम (सदर) नवोदिता शर्मा ने कहा, डूब क्षेत्र में निर्माण पूरी तरह से प्रतिबंधित है क्योंकि पानी अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि, यह देखा गया है कि लोग वहां अवैध घर बना रहे हैं। लोग दहशत में हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने जमीन खरीदी है। उनका कहना था कि अगर उनके घर तोड़े गए तो वे बेघर हो जाएंगे।

# आर्थिक संकट के समाधान के लिए छटपटा रहे शहबाज, क्या इमरान के पास है कोई तरीका?

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान सत्ता से बेदखल होने के बाद से देश में आर्थिक संकट के लिए शहबाज शरीफ सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इमरान दावा कर रहे हैं कि केवल वो ही देश को इस संकट से उबार सकते हैं।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इमरान खान के पास देश को इस संकट से उबारने की कोई योजना है। खान अपने समर्थकों को संबोधित करते रहे हैं कि कैसे उनकी सरकार वित्तीय नीति निर्माण और देश की आर्थिक वृद्धि के मामले में बेहतर काम कर रही थी।खान ने दावा किया कि शहबाज शरीफ सरकार ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है और इसे पूर्ण वित्तीय ब्लैकआउट की ओर ले जा रही है।

हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि देश में मौजूदा वित्तीय संकट से बाहर निकलने का खान का रास्ता सीधे तौर पर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी बहाली से जुड़ा हुआ है, वह भी दो-तिहाई बहुमत से। विश्लेषकों का दावा है कि इमरान देश में राजनीतिक स्थिरता लाएंगे और इसे राजनीतिक अनिश्चितता से बाहर निकालेंगे, जो वित्तीय बाजार में प्रचलित वित्तीय अनिश्चितता को प्रभावित करता है और पाकिस्तान के संबंधों में अंतरराष्ट्रीय दाताओं और उधारदाताओं की नजर में प्रभाव डालता है।

खान ने राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए देश में जल्द आम चुनाव कराने की अपनी मांगों को बार-बार दोहराया है, जिस पर उन्होंने जोर देकर कहा कि वह प्रमुख आधार है, जिस पर देश वित्तीय स्थिरता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

खान जो मांग करते हैं उसमें कम से कम पांच साल के लिए एक सरकार होनी चाहिए और जनता का एक प्रतिनिधि होना चाहिए। कई लोगों का मानना है कि खान की मांग इस प्रमुख मांग के साथ पूर्व निर्धारित है कि उसे जल्दी चुनाव के माध्यम से सत्ता में वापस लाया जाना चाहिए। यह एक ऐसी मांग है, जो देश में राजनीतिक अशांति फैलाने के खतरे से जुड़ी है।

एक राजनीतिक विश्लेषक अदनान शौकत ने कहा, इमरान खान की मांग है कि उन्हें सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा सत्ता में वापस लाया जाना चाहिए, जिन पर वह सत्ता से बेदखल करने और अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का समर्थन करने का आरोप लगाते रहे हैं।

इमरान खान यह भी कहते हैं कि अगर उन्हें दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में नहीं लाया गया, तो देश और अधिक आर्थिक संकट और राजनीतिक अराजकता में डूब जाएगा, जो अपने आप में एक खतरा है। हमने देखा कि जब से इमरान खान को पद से हटा दिया गया, तो उन्होंने सैन्य प्रतिष्ठान को बदनाम करने के लिए सब कुछ किया, पाकिस्तान को पैसा न देने के लिए वैश्विक शक्तियों और उधारदाताओं तक पहुंचें, आईएमएफ से महत्वपूर्ण फंडिंग कार्यक्रम को पुनर्जीवित न करने का आह्वान किया और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के बाहर रैलियों की व्यवस्था करने की घोषणा भी की, साथ ही मांग की, कि देश बाढ़-राहत के लिए भी पाकिस्तान को फंड न दें।

खान ने यह भी कहा है कि अगर समय से पहले आम चुनाव कराकर राजनीतिक स्थिरता हासिल नहीं की गई, तो देश की वित्तीय स्थिति लगातार बिगड़ती जाएगी और ऐसी स्थिति में आ जाएगी, जहां कोई भी देश को चलाने में सक्षम नहीं होगा।

और यह गलत नहीं होगा कि देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति, राजनीतिक अराजकता के साथ मिलकर निश्चित रूप से पाकिस्तान को दिवालियापन की ओर ले जा रही है। दुर्भाग्य से, सत्ता या विपक्ष में किसी भी राजनीतिक दल के पास देश के डूबते आर्थिक जहाज को बचाए रखने की कोई योजना नहीं है।

## वैज्ञानिकों को बड़ी कामयाबी, पृथ्वी के आंतरिक कोर में नई लेयर का पता लगाया

**सिडनी (एजेंसी),।** शोधकर्ताओं की एक टीम को आंतरिक कोर के भीतर स्थित ग्रह पर एक नई लेयर (परत) का प्रमाण मिला है। द अस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के सीस्मोलजिस्ट के अनुसार, भूकंप के कारण होने वाली भूकंपीय तरंगों से एकत्र किए गए डेटा ने पृथ्वी के आंतरिक कोर के सबसे गहरे हिस्सों पर नई रोशनी डाली है।शोधकर्ताओं का मानना है कि उन्होंने पृथ्वी के अंदर एक अलग लेयर के साक्ष्य को श्अंतरतम आंतरिक कोर के रूप में जाना है, एक ठोस श्धातु की गेंद है, जो विभिन्न गतियों को मापने के द्वारा आंतरिक कोर के केंद्र के भीतर बैठता है, जिस पर ये लेयर्स पृथ्वी के आंतरिक कोर में प्रवेश करती हैं और गुजरती हैं। पहले, यह सोचा गया था कि पृथ्वी की संरचना में चार अलग-अलग लेयर्स शामिल हैं, जो क्रस्ट, मेंटल, बाहरी कोर और आंतरिक कोर हैं, लेकिन वर्तमान निष्कर्ष पांचवीं लेयर की पुष्टि करते हैं।एएनयू रिसर्च स्कूल अफ अर्थ साइंसिस, थान-सोन फिम ने कहा, आंतरिक कोर के भीतर एक आंतरिक धातु की गेंद का अस्तित्व, अंतरतम आंतरिक कोर, लगभग 20 साल पहले परिकल्पना की गई थी।

## प्राईवेट स्कूलों में बोर्ड पैटर्न पर होने वाली पांचवी-आठवीं परीक्षा पर हाईकोर्ट की रोक

**भोपाल,(एजेंसी)।** प्रायवेट स्कूलों में बोर्ड पैटर्न पर होने वाली पांचवीं-आठवीं की परीक्षा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग नीतियों को गलत माना है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2021-22 से सरकारी स्कूलों में पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा शुरु की है।

वर्ष 2022-23 से इनमें प्रायवेट स्कूलों को भी शामिल करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने सत्र शुरु होने के बाद 12 सितम्बर 2022 को पत्र जारी किया था। साथ ही कहा कि प्रायवेट स्कूलों के छात्रों को अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बीस फीसदी अंक वार्षिक परीक्षा से जुड़ेंगे। अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा एनसीईआरटी यानि मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के सिलेबस पर होंगी। प्रायवेट स्कूलों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि बोर्ड परीक्षा का आदेश सत्र शुरु होने के बाद आया है। दूसरा मप्र के सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी यानि मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम व अधिकांश प्रायवेट स्कूलों में एनसीआरटी का सिलेबस लागू होता है।

## राजा के साथ भाग न जाए काजल इसलिए मालिक करेंगे दोनों की शादी

**बिलहरा,(एजेंसी) ।** कुत्ता, कुतिया प्रेम में पड़कर भाग न जाएं, इसलिए उनके मालिक अब उनका विवाह करा रहे हैं। शनिवार को परंपरागत तरीके से दोनों की मंगनी कराई गई। मिठाई बांटी गई। अब नवरात्रि की दूज पर शादी होगी। इसके लिए बकायका कार्ड भी छपवाए जा रहे हैं।

विवाह के दौरान प्रीतिभोज भी होगा। कुत्ता, कुतिया के प्रेम विवाह की दिलचस्प कहानी है सागर जिले के बिलहरा नगर परिषद क्षेत्र की। यहां अलीम खान के पास बचपन से एक कुत्ता रह रहा है। जिसका नाम परिजनों ने राजा रखा हुआ है।

# भाजपा ने 103 हारी हुई सीटों को माना है आकांक्षी, एक-एक सीट पर मंत्री-विधायक व बड़े नेता की होगी तैनाती

**भोपाल,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में महज आठ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह चुनावी समर में कूद गई है। भाजपा ने इस बार 200 पार का लक्ष्य रखा है, जिसे फतह करने के लिए पार्टी एक-एक सीट पर मंथन-चिंतन कर रही है। विशेषकर भाजपा के एजेंडे में यह सीटें अधिक हैं, जहां 2018 का उप-चुनावों में पार्टी को दस हजार मतों से हार मिली थी। प्रदेश में ऐसी 40 सीटें हैं, जिन्हें जीतकर भाजपा 200 पार के नारे का सामार करेगभ। इसके लिए एक-एक सीट पर मंत्री, विधायक व बड़े व कार्यकर्ताओं की तैनाती की जा रही है। इसके लिए कई दौर में चिंतन-मंथन हो चुका है। अब फिर से इन सीटों पर संगठन मंथन करने वाला है। इसकी शुरुआत हो गई है। भाजपा प्रदेश में कराए गए विकास कार्य व सत्ता-संगठन की मजबूती के बल पर चुनावी मैदान में सबसे पहले उतर गई है। पार्टी ने वैसे तो 103 हारी हुई विधानसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जिन्हें वे आकांक्षी सीटों का दर्जा दिया गया है। पार्टी ने तय किया है कि इन सीटों के एक-एक बूथ को मजबूत किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी पार्टी के त्रिदेव संभालेंगे। पार्टी ने इन सीटों को लेकर अलग-अलग निर्धारण किया है। जिसमें से पांच हजार के काम अंतर से हारी हुई 21 सीटं हैं, जिन्हें भाजपा ने एक नंबर पर रखा है। क्योंकि इनमें से ज्यादातर सीटें पार्टी गुटबाजी व बागियों की वजह से हार गई थी। लकिन इस बार स्थिति बेहतर है। जबकि 19 सीटें ऐसी हैं, जिनमें हार का अंतर दस हजार से कम है। इन्हें दूसरे नंबर पर रखा है। इन सीटों पर सबसे अधिक फोकस रहेगा। पार्टी ने तय किया है कि यहां पर क्षेत्र के बड़े नेता, मंत्री व विधायकों को जिम्मेदारी दी जाएगी। शेष 63 सीटें ऐसी हैं, जहां हार का अंतर बड़ा रहा है। इसलिए क्षेत्रीय समीकरण व पार्टी विकास कार्यों के बल पर इन्हें जीतने का लक्ष्य रखा है। इन सीटों के हर बूथ में 51 प्रतिशत मत का लक्ष्य भी पार्टी ने रखा है। यही वजह है कि सत्ताधारी दल एक-एक सीटें पर बहुत ही बारीकी से चिंतन मंथन कर रहा है। क्योंकि 200 पार के नारे को यही सीटें साकार कर सकती हैं। वर्ष 2018 में थी 124 अब रह गई 103 आकांक्षी सीटें - वर्ष 2018 विधानसभा चुनाव के बाद आए परिणामों की समीक्षा में 124 सीटें ऐसी थीं, जिन्हें आकांक्षी की श्रेणी में चिन्हित किया गया था। लेकिन तब से अब तक हुए 34 सीटों के उप-चुनाव ने बाजी पलट दी।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार टी20 विश्व कप फाइनल में



केप टाउन ,। टैज़्मिन ब्रिट्स (68) और लौरा वुलवार्ड (53) के शानदार अर्द्धशतकों के बाद आयाबोंगा खाका (29/4) और शबनम इस्माइल (27/4) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को छह रन से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के सामने 165 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में इंग्लैंड 20 ओवर में 158 रन तक ही पहुंच सकी।

ब्रिट्स और वुलवार्ड ने दक्षिण अफ्रीका की जीत की नींव रखते हुए पहले विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 55 गेंद पर छह चौकों और दो छक्कों के साथ 68 रन बनाये, जबकि वुलवार्ड ने 44 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 53 रन की पारी खेली। इसके अलावा मरिज़ाने कैप ने भी 13 गेंद पर चार चौके जड़कर नाबाद 27 रन का योगदान दिया।

इंग्लैंड के लिये लक्ष्य का पीछा करते हुए डेनियल वायट (34), सोफिया डंकली (28), नैटली सिवर-ब्रंट (40) और हीथर नाइट (31) ने महत्वपूर्ण योगदान दिये लेकिन किसी बल्लेबाज के विकेट पर न टिक पाने के कारण इंग्लिश टीम को हार का मुंह देखना पड़ा।

इंग्लैंड की हार सुनिश्चित करने के लिये दक्षिण अफ्रीका की ओर से खाका ने चार ओवर में सिर्फ 29 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि शबनम इस्माइल ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाये। दक्षिण अफ्रीका (पुरुष या महिला) ने पहली बार किसी भी विश्व कप के फाइनल में जगह बनायी है। खिताबी मुकाबले में उसका सामना रविवार को पांच बार की टी20 विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लूस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और ब्रिट्स-वुलवार्ड की जोड़ी ने उनके फैसले को सही साबित किया। सलामी जोड़ी पावरप्ले में सिर्फ 37 रन ही जोड़ सकी, लेकिन इसके बाद उन्होंने पारी की रफ्तार बदलते हुए 82 गेंद में 96 रन की विशाल साझेदारी की। वुलवार्ड ने 14वें ओवर में चौका लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि वह दो गेंद बाद आउट हो गयीं।

ब्रिट्ज़ ने अगले ओवर में रफ्तार बदलते हुए दो छक्के और एक चौका जड़कर अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

इंग्लैंड 18वें एवं 19वें ओवर में सिर्फ 11 रन देकर ब्रिट्ज़ को आउट करने में सफल रहा, लेकिन कैप ने पारी के आखिरी ओवर में 18 रन बटोरकर प्रोटियाज़ को 164/4 के स्कोर पर पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टन ने चार ओवर में सिर्फ 22 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि लौरेन बेल ने तीन ओवर में 21 रन देकर एक सफलता हासिल की। सारा ग्लेन तीन ओवर में 34 रन लुटाकर इंग्लिश टीम की सबसे महंगी गेंदबाज साबित हुईं।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत की और वायट-डंकली की जोड़ी ने पांच ओवर में 53 रन जोड़ लिये। यह जोड़ी दक्षिण अफ्रीका के स्कोर को छोटा साबित कर रही थी कि तभी कप्तान लूस ने शबनम इस्माइल को गेंद थमाई। इस्माइल ने छठे ओवर में सिर्फ दो रन देते हुए डंकली और एलिस कैपसी का विकेट निकालकर इंग्लैंड की रनगति धीमी कर दी। डंकली ने 16 गेंद पर छह चौके जड़कर 28 रन बनाये जबकि कैपसी शून्य रन पर पवेलियन लौट गयीं।

इंग्लैंड दो झटके लगने के कारण 10 ओवर में सिर्फ 84 रन तक ही पहुंच सका, हालांकि वह अब भी मैच में बरकरार था। आयाबोंगा खाका ने 11वें ओवर में वायट (30 गेंद, छह चौके, 34 रन) को आउट करके इंग्लिश टीम की मुश्किलें बढ़ा दीं। इंग्लैंड को जब आखिरी आठ ओवर में 73 रन चाहिये थे तब नैटली और नाइट ने पारी की रफ्तार बढ़ाने का निर्णय लिया।

दोनों ने अगले चार ओवर में 39 रन जोड़े मगर दक्षिण अफ्रीका ने तेजी से चार विकेट गिराकर इंग्लैंड को फिर पीछे धकेल दिया।

नेडिन डी क्लर्क ने 17वें ओवर में छह रन देकर खतरनाक दिख रहीं नैटली (34 गेंद, पांच चौके, 40 रन) को आउट किया, जबकि खाका ने 18वें ओवर में सिर्फ तीन रन देकर तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

इंग्लैंड को आखिरी दो ओवर में 25 रन की दरकार थी। नाइट ने 19वें ओवर में संघर्ष करते हुए 12 रन जोड़े, लेकिन इस्माइल ने 20वें ओवर में उन्हें बोल्ड करके ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। कप्तान नाइट ने अपनी जुझारू पारी में 25 गेंद पर दो छक्कों के साथ 31 रन बनाये, हालांकि उन्हें अंत में नम आंखों के साथ हार का सामना करना पड़ा।

खाका-इस्माइल के शानदार प्रदर्शन के अलावा नेडिन डी कर्क ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 17 रन दिये और एक विकेट भी हासिल किया। कैप चार ओवर में 38 रन देकर दक्षिण अफ्रीका की सबसे महंगी गेंदबाज रहीं।

## इंदौर टेस्ट खेलने के लिये ग्रीन 100 प्रतिशत फिट

नयी दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के प्रतिभावान हरफनमौला कैमरन ग्रीन ने अगले हफ्ते भारत के विरुद्ध इंदौर में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिये खुद को 100 प्रतिशत फिट बताया है। ग्रीन ने कहा, मैं पिछले मैच में खेलने के बहुत करीब था, लेकिन शायद एक हफ्ता अधिक आराम करने से बहुत फायदा हुआ है। अब मैं खेलने के लिये 100 प्रतिशत तैयार हूं।

अरुण जेटली स्टेडियम पर हुए दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को मेज़बान भारत के हाथों तीसरे दिन ही छह विकेट की हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाडियों ने जहां पहले के दिनों में आराम या भ्रमण किया, ग्रीन ने नेट्स में पसीना बहाना बेहतर समझा।

गौरतलब है कि ग्रीन उंगली में फ्रैक्चर होने के कारण भारत के विरुद्ध शुरुआती दो टेस्ट मैचों में हिस्सा नहीं ले सके थे। चोट से उभरने के बाद ग्रीन ने दिल्ली टेस्ट से पूर्व भी अभ्यास किया, हालांकि तब वह पूरी तरह फिट नहीं थे। ग्रीन ने दिल्ली टेस्ट से पूर्व चयन के बारे में कहा, हम सब का एक ही विचार था। हमने यही सोचा कि हम एक मैच छोड़ देते हैं, क्योंकि इस साल आगे भी बहुत कुछ बचा है।

ऑस्ट्रेलिया फिलहाल चार मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ी हुई है और उसकी बल्लेबाजी पर सवालिया निशान लग चुके हैं। मैदान पर लौटते हुए ग्रीन के सामने जल्द से जल्द लय हासिल करके अपनी टीम को संतुलन प्रदान करने की चुनौती होगी। गौरतलब है कि ग्रीन स्पिनरों के लिये मददगार पिच पर सधी हुई बल्लेबाजी करने की क्षमता रखते हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के लिये बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल गाले में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच खेले गये टेस्ट में जहां अन्य बल्लेबाज स्पिनरों के आगे जूझते नज़र आये थे, वहीं ग्रीन ने 77 रन की मैच-जिताऊ पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को विशाल जीत दिलाई थी। ग्रीन का कहना है कि शुरुआती दो टेस्ट देखकर उन्हें भारतीय परिस्थितियों का अंदाजा हो गया है और वह मैदान पर बल्ला लेकर उतरने के लिये तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैच को बाहर से देखने पर भी आपको काफी कुछ पता लग जाता है। मुझे लगता है कि गाले की पिच में काफी उछाल था, लेकिन यहां उतना उछाल नहीं है। मैं अपने खेल के बारे में जानने की कोशिश कर रहा हूं और परिस्थितियों को पढ़ने की कोशिश कर रहा हूं। पहले दो मैच देखने में यही अच्छा रहा है।

## चौके-छक्कों के साथ सत्यार्थी मेले का समापन



नयी दिल्ली ,। बालश्रम, बाल विवाह और बाल दुर्व्यापार जैसी बुराइयों को समाप्त कर बच्चों में सजग नेतृत्व क्षमता पैदा करने के लिये कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन द्वारा आयोजित सत्यार्थी खेल मेले का समापन शुक्रवार को हुआ। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित यह मेला अभ्रक क्षेत्र में 17 फरवरी से शुरू होकर गिरिडीह के गावां प्रखंड में संपन्न हो गया। हफ्ते भर चले इस खेल मेले के फाइनल मुकाबले में बच्चों में उत्साह देखा गया।

ह्यसत्यार्थी खेल मेला सीजन-2ह्ल में 1,920 बच्चों ने 128 टीमें बनाकर अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट खेला। आखिरी दिन फाइनल मुकाबला गागिंदी और सलादिह की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें गागिंदी ने जीत हासिल की। ये सभी बच्चे कोडरमा व गिरिडीह जिले के बाल मित्र ग्राम के हैं। कभी ये बच्चे अभ्रक खदानों में बाल मजदूरी करते थे लेकिन अब सभी शिक्षा हासिल कर रहे हैं।

फाइनल मैच में विशिष्ट अतिथि के रूप में ह्यबचपन बचाओ आंदोलनह्ल के कार्यकारी निदेश-क धनंजय टिंगल, एस्टी लाउडर के डेविड हिरकोक, मैड हैटर क्रिएटिव की प्रमुख जेन मार्सडेन और स्वतंत्र फोटो जर्नलिस्ट डोमेनिको पुगलीसे मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के खेल का आनंद लिया और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डेविड हिरकोक और गावां के बीडीओ महेंद्र रविदास ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। पूरा खेल मेला झारखंड के बाल मित्र ग्राम में समन्वयक गोविंद खनाल की देखरेख में संपन्न हुआ।

गौरतलब है कि ह्यसत्यार्थी खेल मेला सीजन-1 में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा संचालित 521 बाल मित्र ग्राम की 3,600 लड़कियों ने फुटबॉल, कबड्डी जैसी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। दिसंबर-जनवरी माह में यह आयोजन ह्यसुरक्षित बचपन माहह्ल के तहत किया गया था।

## केडी सिंह बाबू जूनियर प्रतियोगिता 27 से लखनऊ में

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें 27 फरवरी से खेली जाने वाली 33वीं आल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर (अंडर 14) प्राइज मनी हाकी प्रतियोगिता में सात राज्यों की कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक टर्फ हाकी स्टेडियम पर 11 लाख इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। लीग कम नाकआउट आधार पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट में हर टीम को तीन मैच मिलेंगे और हर ग्रुप की टाप दो टीमों को नाकआउट चरण में जाने का मौका मिलेगा। लीग मुकाबले 27 फरवरी से शुरू होकर दो मार्च तक चलेंगे जबकि चर्टर फाइनल तीन मार्च, सेमीफाइनल मैच चार मार्च को होंगे। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला पांच मार्च को खेला जायेगा।

## क्षेत्रीय सब-जूनियर, जूनियर टूर्नामेंट करेगा हॉकी इंडिया



नयी दिल्ली ।हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि वह खेल को जमीनी स्तर पर विकसित करने के लिये देश भर में सब-जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) श्रेणियों में क्षेत्रीय टूर्नामेंट शुरू करने की योजना बना रहे हैं।टिर्की ने हॉकी इंडिया के कार्यक्रम ह्यहॉकी ते चर्चाह्ल पर कहा, किसी भी खेल को फलने-फूलने के लिये जमीनी स्तर पर विकास की जरूरत होती है। एक मजबूत नींव आपको अच्छे खिलाड़ी और एक मजबूत सीनियर एवं जूनियर टीम देती है। सब जूनियर (अंडर-17) और जूनियर (अंडर-19) श्रेणियों के खिलाड़ियों को अतीत में पर्याप्त खेलने का समय नहीं मिला है। हम क्षेत्रीय स्तर पर जूनियर और सब-जूनियर प्रतियोगिताएं शुरू करके इस व्यवस्था को ठीक करने जा रहे हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, व्यावहारिक रूप से बात करें तो हर कोई भारत के लिये नहीं खेलेगा लेकिन इस व्यवस्था में कम से कम खिलाड़ी को अपने संबंधित क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस कर सकेंगे। यह उन्हें छोटी उम्र में प्रतिद्वंदिता का मज़ा देगा।

करीब 400 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके पद्म श्री टिर्की ने कहा कि यह व्यवस्था चयनकर्ताओं और प्रशासन को खिलाड़ियों का एक समूह तैयार करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, हम प्रतिभा की कतार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हर क्षेत्र से हमारे पास संभावित रूप से लगभग 50 खिलाड़ियों का समूह हो सकता है। किसी भी समय हमें इस बात की जानकारी होनी चाहिये कि हमारे सब-जूनियर या जूनियर एथलीट किस स्तर पर हैं और इसलिए हम उन्हें आवश्यक संसाधन दे सकते हैं।टिर्की ने बताया कि हॉकी इंडिया इस पहल के तहत एथलीटों और कोचों के लिये विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है।

उन्होंने कहा, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के स्तर को देखकर हम ह्यड्रैग-फ्लिक कार्यक्रमह्ल या ह्यगोलकीपर कार्यक्रमह्ल जैसे प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान कर सकते हैं। इन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की देखरेख में हो सकता है।

उन्होंने कहा, व्यक्तिगत विकास पर ध्यान देना बहुत महत्वपूर्ण है और यही कारण है कि हम एक साधारण अकादमी-आधारित मॉडल के बजाय युवा एथलीटों के लिये आवासीय सुविधाओं पर जोर दे रहे हैं।

# फिल्मी सफर

## निर्देशक मारुति की फिल्म राजा डीलक्स के लिए प्रभास ने नहीं ली कोई फीस



साउथ के सुपरस्टार बाहुबली एक्टर प्रभास की फैन फॉलोइंग सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में है. सोशल मीडिया पर प्रभास की अपकमिंग फिल्म राजा डीलक्स को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट देखी जा सकती है, लेकिन उससे पहले एक्टर की फिल्म ह्यआदिपुरुषह्ल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं. इन दिनों प्रभास के पास कई फिल्में हैं वो हाईएस्ट पेड एक्टर्स की लिस्ट में आते हैं. ह्यराजा डीलक्सह्ल को लेकर रोजाना नए अपडेट आ रहे हैं, इसी कड़ी में अब फिल्म के लिए प्रभास को मिलने वाली फीस का भी खुलासा हो चुका है.

साउथ इंडस्ट्री के सबसे चहेते अभिनेताओं में से एक प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्मों, सलार, आदिपुरुष और अन्य प्रोजेक्ट के की शूटिंग में व्यस्त हैं. साउथ फिल्म मेकर्स फिल्म में उन्हें कास्ट करने के लिए मोटी रकम चुका रहे हैं. हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि उन्होंने एक फिल्म के लिए अपनी फीस बढ़ाकर 150 करोड़ रुपये कर दी थी. हालांकि आपको जानकर हैरानी होगी कि प्रभास फिल्म राजा डीलक्स एक रुपये भी चार्ज नहीं कर रहे हैं.

जी हां, सामने आई एक रिपोर्टों के अनुसार प्रभास ने तेलुगू फिल्म ह्यराजा डीलक्सह्ल के लिए डील साइन की है क्योंकि वह अपने फैंस के लिए साधारण फिल्में करना चाहते थे. चौंकाने वाली बात ये है कि उन्होंने फिल्म के लिए एक पैसा भी चार्ज नहीं किया है. ह्यराजा डीलक्सह्ल एक बड़े बजट की फिल्म बताई जा रही है. फिल्म का निर्देशन मारुति ने किया है, फिल्म का नाम कथित तौर पर ह्यराजा डीलक्सह्ल है और यह कॉमेडी, रोमांस और हॉरर के साथ एक परफेक्ट एंटरटेनर होगी.

इसके पीछे ये वजह बताई जा रही है कि प्रभास फिल्म के बजट को बढ़ाना नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने बिना फीस लिए काम करने का फैसला किया. हालांकि प्रभास फिल्म रिलीज होने के बाद उसके प्रॉफिट से अपना खर्चा निकालेंगे, लेकिन आधिकारिक तौर पर अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है. कम बजट में प्रभास अपने तेलुगू फैंस के लिए एक अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं. अगर रिपोर्ट्स सही हैं तो ये पहली बार है जब प्रभास कोई हॉरर फिल्म करेंगे.

## बोल्ड आउटफिट में शमिता शेट्टी ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी भी बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं। उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। ग्रीन कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस शमिता शेट्टी गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में भले ही एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपना कमाल न दिखा पाई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें गजब ढाहती हैं। शमिता शेट्टी अपनी फिटनेस और खूबसूरती का जलवा सोशल मीडिया पर बिखेरती ही रहती हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपने किलर अंदाज में गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी हाई स्लिट आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी की उम्र भले ही 43 साल हो गई हो। लेकिन, वो आज भी ग्लैमरस अंदाज से कई बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं। शमिता शेट्टी अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।

## टीकू वेड्स शेरू के लिए करना होगा इंतजार, प्राइम वीडियो ने लिया रिलीज टालने का फैसला



कंगना रनौत की टीकू वेड्स शेरू पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह कंगना के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म है और इसमें अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। काफी समय से दर्शक इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अभी लोगों को इसकी रिलीज के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन प्राइम वीडियो ने टीकू वेड्स शेरू की रिलीज टालने का फैसला किया है।इस खबर की पुष्टि करते हुए एक करीबी सूत्र ने कहा, इस साल की शुरुआत में अमेजन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जहां उन्होंने 2023 में रिलीज होने वाले शो और फिल्मों की घोषणा की थी, जिसमें से एक टीकू वेड्स शेरू भी थी। हालांकि, अब नवाज अपनी निजी जिंदगी में जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए अमेजन ने रिलीज को टालने का फैसला किया है।गौरतलब है कि नवाजुद्दीन और उनकी पत्नी आलिया के बीच विवाद पिछले काफी वक्त से चर्चा में है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला थम नहीं रहा है। दरअसल, बीते दिनों नवाज की मां ने आलिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और फिर आलिया ने भी नवाजुद्दीन की मां पर कई संगीन आरोप लगाए हैं।

## सलमान-शाहरुख को लीड रोल में लेकर फिल्म बनाने जा रहा है वाईआरएफ, आमने-सामने दिखाई देंगे पठान और टाइगर



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान इन दिनों काफी चर्चा में बने हुए हैं। अभी हाल ही में सलमान खान और शाहरुख खान फिल्म पठान में साथ नजर आए थे। इस फिल्म में सलमान खान का छोटा सा लेकिन दमदार रोल था। इसके बाद अब दोनों फिल्म टाइगर 3 में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। इसी बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसे जानने के बाद सलमान और शाहरुख के फैंस खुश हो जाएंगे। वाईआरएफ इन दोनों को एक फिल्म में लीड रोल में लाने के तैयारी कर रहा है।शाहरुख की फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब टाइगर 3 में शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। लेकिन टाइगर 3 की रिलीज से पहले एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद शाहरुख और सलमान खान के फैंस गदगद हो जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक वाईआरएफ इन दोनों स्टार्स को एक फिल्म में साथ लेकर आने वाला है। इस बार दोनों फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म की बेसिक कहानी फाइनल हो गई है। इस फिल्म में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए नजर आएंगे। यानी ये फिल्म पठान बनाम टाइगर होने जा रही है। ये ठीक वैसा ही होगा जैसा मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स में देखने को मिलता है।

## फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 9,000 स्क्रीन्स पर होगी रिलीज, पठान से भी आगे



रणवीर सिंह और आलिया भट्ट पिछले काफी समय से फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि करण जौहर इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई-नई जानकारी सामने आ रही है।

अब इससे जुड़ी एक नई खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि धर्मा प्रोडक्शंस की यह अब तक की सबसे बड़ी रिलीज होगी।

धर्मा प्रोडक्शंस रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रॉकी और रानी.... को उसकी स्टार पावर मिलती है अपने निर्देशक करण जौहर से, जिन्होंने पिछली बार 2016 में फिल्म ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह ने कहा, हम रॉकी और रानी.. के लिए फिर से अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं। पठान के अलावा रॉकी और रानी... को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। हमने धर्मा की हर फिल्म अपने यहां स्क्रीन की है। करण की इस फिल्म के लिए हम फिर अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं।

इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में जहां रणवीर, रॉकी का किरदार निभाएंगे, वहीं आलिया, रानी की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 28 जुलाई को रिलीज हो रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com